रांची, रविवार, 10 अगस्त 2025
संवत 2082, भाद्रपद कृष्ण पक्ष 01 मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 337 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक



4 ▸▸ जापान में स्थित है 600 साल पुराना तलाक मंदिर
अजय देवगन की एक्टींग के कायल हुए सुनील शेट्टी ◂◂ 6

# सड़क किनारे खड़े हाइवा से टकरायी मोटरसाइकिल, तीन युवकों की मौत

संवाददाता

**राजनगर :** हाता-चाईबासा मुख्य मार्ग एनएच 220 के मुरुमडीह पुलिया के पास खड़े एक हाइवा से मोटरसाइकिल जा टकरायी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। तीनों युवकों की पहचान जमशेदपुर सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के बारीडीह बस्ती प्रेमचंद पथ के रहने वाले लखन कुमार (27 वर्ष), संजय लोहार (22 वर्ष) और राजु सांडिल (23 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना आज रविवार अहले सुबह करीब 3 बजे की बतायी जा रही है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवक मोटरसाइकिल (जेएच 05 डीपी 1703) से चाईबासा की ओर जा रहे थे। इसी बीच मुरुम डीह लेकड़ा कोचा मोड़ के पास पहुंचते ही पुलिया के पास सड़क किनारे खड़े ब्रेक डाउन हाइवा (जेएच 22 जी 8499) के पिछले हिस्से में टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनों युवकों को 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर लाया गया, जहां तीनों युवकों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पाकर राजनगर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों युवकों का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला भेज दिया।



# शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की स्थिति गंभीर, ब्रेन में नहीं हो रही कोई हलचल

एजेंसी

**रांची/नई दिल्लीः** राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की स्थिति 8 दिनों बाद भी गंभीर बनी हुई है। दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती मंत्री के ब्रेन में कोई हलचल नहीं हो रही है। हालांकि हार्ट, किडनी, व लीवर समेत सभी अंग बेहतर काम कर रहे हैं। उनके मस्तिष्क की रीडिंग को पढ़ने के लिए मॉनिटर का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। पहले किडनी में थी कुछ समस्या, अब स्थिति बेहतरः रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन ने बताया कि किडनी में पहले कुछ दिक्कतें आ रही थी, लेकिन अब वह बेहतर फंक्शन कर रहा है, लेकिन इसके बावजूद समस्या बनी हुई है, क्योंकि उनके ब्रेन में किसी तरह की कोई हलचल नहीं हो रही है। अस्पताल के सीनियर डॉक्टर लगातार उनके स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए है। जीवन रक्षक प्रणाली के सहारे हैं मंत्रीः मालूम हो कि मंत्री रामदास सोरेन को 2 अगस्त 2025 को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें जमशेदपुर के घोड़ाबांधा स्थित आवास पर ब्रेन स्ट्रोक आया था, जिसके बाद तत्काल उन्हें दिल्ली रेफर किया गया था। उनके मस्तिष्क में ब्लड क्लॉट के कारण वे अब भी अचेत अवस्था में हैं। अस्पताल में वे वेंटिलेटर पर जीवन रक्षक प्रणाली के सहारे हैं।



# राहुल गांधी ने वोट चोरी पर समर्थन के लिए शुरू किया मिस्ड कॉल अभियान



एजेंसी

नई दिल्लीः कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी को लोकतंत्र पर हमला करार देते हुए इस मुद्दे पर और आक्रामक रुख अपनाते हुए लोगों का समर्थन जुटाने के वास्ते मिस्ड कॉल का सार्वजनिक अभियान शुरू किया है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर रविवार को फोन नंबर 9650003420 जारी कर वोट चोरी के मुद्दे पर जन समर्थन हासिल करने के लिए लोगों से मिस्ड कॉल करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा वोट चोरी एक व्यक्ति, एक वोट के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए साफ-सुथरी मतदाता सूची अनिवार्य है। चुनाव आयोग से हमारी मांग साफ है , पारदर्शिता दिखाएं और डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करें, ताकि जनता और राजनीतिक दल उसका खुद ऑडिट कर सकें।

राहुल गांधी ने जनता से इस मुहिम में शामिल होने की अपील करते हुए कहा आप भी हमारे साथ जुड़ कर इस मांग का समर्थन करें और वोटचोरी।इन/एकडिमांड पर जाएं या 9650003420 पर मिस्ड कॉल दें। ये लड़ाई लोकतंत्र की रक्षा की है

बिहार में बनाही स्टेशन के पास बड़ा हादसा

# भेड़ों की झुंड को ट्रेन ने रौंदा, 400 की मौत

एजेंसी

**भोजपुरः** बिहार के भोजपुर जिले में बड़ा हादसा हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय पटना रेल खंड के सिकरिया- बनाही स्टेशन के समीप दो ट्रेनों ने भेड़ की झुंड को रौंद डाला है। बताया जा रहा है कि इस हादसे में करीब 400 भेड़ों की मौत हो गई है। कहा जा रहा है कि भेड़ों पर सियार और कुत्तों ने हमला किया था। इसके बाद हड़बड़ाहट में वो रेलवे ट्रैक पार करने लगीं। इस दौरान अप और डाउन ट्रैक पर ट्रेन आ गई। इस दौरान हादसे में सैकड़ों भेड़ों की मौत हो गई है। घटना के बाद रेलवे ट्रैक के समीप का एक वीडियो भी सामने आया है। कई भेड़ें वहां मृत नजर आ रही हैं। रेलवे ट्रैक पर खून के छींटे नजर आ रहे हैं। एक ग्रामीण ने मीडिया से बातचीत में कहा कि दो गांवों के बीच रेलवे लाइन है। यह हादसा बेहद दुखद है। यह बहुत बड़ी क्षति है। 18-20 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। 400 भेड़ों की मौत हो गई है। जंगल-झाड़ और टीला जैसी जगहों पर इस तरह के भेड़ पालक रहते हैं। हमलोग कोशिश कर रहे हैं कि भेड़ पालक को मुआवजा मिल सके।



## जेल में बंद फिरोज ने लगाई फांसी, मौत

**रांची :** कोतवाली थाना क्षेत्र में स्कूली छात्रा से छेड़खानी के मामले में जेल में बंद फिरोज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस घटना से जेल प्रशासन और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।



फिरोज को स्कूली छात्रा से छेड़खानी के आरोप में जेल में रखा गया था। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि फिरोज ने आत्महत्या क्यों की। पुलिस और जेल प्रशासन इस मामले की जांच में जुट गए हैं।

## जम्मू- कश्मीरः किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, दो आतंकी घेरे

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आज सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई। सैन्य सूत्रों ने बताया, आज तड़के एक खुफिया सूचना के आधार पर किश्तवाड़ के दुल इलाके में शुरू किए गए अभियान के दौरान जवानों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई।

# प्रधानमंत्री मोदी ने तीन नए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी



एजेंसी

बेंगलुरुः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां केएस आर रेलवे स्टेशन पर आयोजित भव्य समारोह में तीन नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेल गाड़ियों का शुभारंभ किया। पीएम मोदी ने समारोह स्थल से बेंगलुरु से उत्तर कर्नाटक में बेलगावी के बीच चलायी जा रही वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । उन्होंने शानदार तरीके से सुसज्जित इस ट्रेन में अंदर प्रवेश कर यात्रियों से बातचीत की जिसमें स्कूली बच्चे भी थे। इस अवसर पर उन्होंने पंजाब में अमृतसर से जम्मू कश्मीर में कटरा और महाराष्ट्र में नागपुर से पुणे के बीच नयी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भी सांकेतिक रूप से हरी झंडी देकर प्रस्थान कराया। इस कार्यक्रम में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

भारत निर्वाचन आयोग की बड़ी कारवाई, 334 राजनीतिक दल की मान्यता रद्द

# देश में सिर्फ छह राष्ट्रीय दल, क्षेत्रीय पार्टियों की संख्या घटकर 67 शेष

आपत्ति दर्ज करने के लिए मिला 30 दिन का समय

झारखंड के पांच आरयूपीपी चुनाव आयोग की सूची से हटे

एजेंसी

**नई दिल्लीः** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले भारत के चुनाव आयोग बड़ी कार्रवाई की है। चुनाव आयोग ने निर्वाचन प्रणाली की सफाई की बात करते हुए 334 राजनीतिक दलों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया है। देश में सिर्फ छह राष्ट्रीय दल हैं। इसके अलावा क्षेत्रीय पार्टियों की संख्या घटकर 67 रह गई है। बता दें कि भारत में राजनीतिक दलों का रजिस्ट्रेशन, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्रावधानों के तहत निर्वाचन आयोग में किया जाता है। राजनीतिक दलों के रजिस्ट्रेशन के लिए जारी दिशानिर्देशो में यह प्रावधान है कि यदि कोई दल लगातार छह वर्षों तक चुनाव नहीं लड़ता है, तो उसे पंजीकृत दलों की सूची से हटा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत दल को रजिस्ट्रेशन के समय अपना नाम, पता, पदाधिकारियों के नाम आदि का विवरण देना होता है। इनमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे बिना विलंब निर्वाचन आयोग को सूचित करना अनिवार्य है। हालांकि आयोग के इस आदेश के खिलाफ 30 दिन के भीतर प्रभावित पक्ष की ओर से अपील की जा सकती। इससे पहले, जून 2025 में निर्वाचन आयोग ने राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को 345 दलों की जांच करने का निर्देश दिया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ने इसकी जांच की, इन दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।द प्रत्येक दल को व्यक्तिगत सुनवाई के माध्यम से अपना पक्ष रखने का अवसर प्रदान किया गया। इसके बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर पाया गया कि कुल 345 दलों में से 334 तय शर्तों का पालन नहीं कर रहे हैं। शेष मामलों को पुनः जांच के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को वापस भेजा गया है। आयोग ने सभी तथ्यों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की अनुशंसाओं पर विचार करने के बाद 334 दलों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया। यह प्रक्रिया राजनीतिक व्यवस्था को स्वच्छ करने और ऐसी पार्टियों को सूची से हटाने के उद्देश्य से संचालित की गई है, जिन्होंने 2019 के बाद से कोई भी लोकसभा या राज्य-केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभा या उपचुनाव नहीं लड़ा है और जिनका वास्तविक रूप से पता नहीं लगाया जा सका है। इस कदम राजनीतिक प्रणाली में शुद्धता लाने के मकसद से उठाया गया है। चुनाव आयोग की नई कार्रवाई के बाद अब देश में सिर्फ छह राष्ट्रीय पार्टियां रह गई हैं। उनमें देश की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), मुख्य विपक्षी कांग्रेस, अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप), मायावती की बहुजन समाज पार्टी (बसपा), कॉम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी)और राष्ट्रीय पिपुल्स पार्टी (एनपीपी)। बिहार में मतदाता सूची के मसौदे पर कोई दावा-आपत्ति नहीं




चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूची के मसौदे को लेकर किसी भी राजनीतिक दल ने अब तक एक भी दावा या आपत्ति नहीं की है। मसौदा सूची पहली अगस्त को अपराह्न तीन बजे जारी की गई थी। आयोग ने कहा है कि शनिवार सुबह नौ बजे तक बिहार में मतदाता पंजीकरण अधिकारियों को किसी दल की ओर से कोई आपत्ति या दावा नहीं मिला है, लेकिन इस दौरान मतदाताओं की ओर से 7252 दावे और आपत्तियां जरूर मिली हैं।

एसआईआर पर चुनाव आयोग का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा, कहा-

# बिना नोटिस और सुनवाई के किसी भी वोटर का नहीं हटाया जाएगा नाम

एजेंसी

**पटना :** बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उठे विवाद के बीच चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल करते हुए स्पष्ट किया है कि राज्य में किसी भी पात्र मतदाता का नाम बिना पूर्व सूचना, सुनवाई का अवसर और सक्षम अधिकारी के तर्कपूर्ण आदेश के बिना मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा। आयोग ने कहा कि हर योग्य मतदाता का नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए सभी संभव कदम उठाए जा रहे हैं और इस दिशा में सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। यह मामला तब सुर्खियों में आया जब एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने आरोप लगाया कि बिहार में एसआईआर के दौरान गलत तरीके से 65 लाख मतदाताओं को सूची से बाहर कर दिया गया है। 6 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने इस पर सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था। अब 12 अगस्त को इस मामले पर फिर से सुनवाई होगी। आयोग ने अपने अतिरिक्त हलफनामे में बताया कि एसआईआर का पहला चरण पूरा हो चुका है और 1 अगस्त 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। यह चरण बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं के नाम और आवश्यक फॉर्म जुटाने के बाद पूरा हुआ। कुल 7.89 करोड़ मतदाताओं में से 7.24 करोड़ लोगों ने अपने नामों की पुष्टि की या फॉर्म जमा किए। इस व्यापक अभियान में बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, 38 जिला निर्वाचन पदाधिकारी, 243 निर्वाचन पंजीकरण पदाधिकारी, 77,895 बीएलओ, 2.45 लाख स्वयंसेवक और 1.60 लाख बूथ स्तर एजेंट सक्रिय रहे। चुनाव आयोग ने आगे कहा कि राजनीतिक दलों को समय-समय पर छूटे हुए मतदाताओं की सूची उपलब्ध कराई गई, ताकि समय रहते नाम जोड़े जा सकें। प्रवासी मजदूरों के लिए 246 अखबारों में हिंदी में विज्ञापन जारी किए गए और ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से फॉर्म भरने की सुविधा दी गई। शहरी निकायों में विशेष कैंप आयोजित किए गए, युवाओं के पंजीकरण के लिए अग्रिम आवेदन की व्यवस्था की गई, जबकि वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों और कमजोर वर्गों की मदद के लिए 2.5 लाख स्वयंसेवक तैनात किए गए।

चुनाव आयोग ने विशेष रूप से स्पष्ट किया है कि किसी भी नाम को प्रारूप सूची से हटाने से पहले नोटिस जारी करना, संबंधित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देना और सक्षम अधिकारी का कारणयुक्त आदेश आवश्यक होगा। प्रारूप सूची पर दावे और आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 1 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तक निर्धारित की गई है, जिसके लिए ऑनलाइन और प्रिंट दोनों प्रारूप उपलब्ध कराए गए हैं।

आयोग ने आगे कहा कि प्रक्रिया की पारदर्शिता और जनता की जागरूकता के लिए रोजाना प्रेस विज्ञप्ति जारी की जा रही है, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम अंतिम मतदाता सूची से वंचित न रह जाए।



न्यूज IN ब्रीफ

## दिशोम गुरु को दी गयी श्रद्धांजलि



**मुरीः** सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय सिल्ली में शोकसभा आयोजित कर दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी गई। कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर व दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की । इस मौके पर मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नगेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष निशाकर महतो, मनीराम दास, महासचिव सैय्यद कमर आलम, भागीरथ महतो, मो कलाम, प्रकाश मुंडा, श्रीप्रसाद बड़ाईक, रोहित मुंडा, सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो, विधानसभा युवा कांग्रेस प्रत्याशी विकास रजक, सिल्ली अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष शाहबुद्दीन अंसारी, समसेर आलम, महताब अंसारी, सकिरुद्दीन, मो हाफिज, सदानंद सोनार, लखिन्द्र बड़ाईक, लालू कोईरी, बिंदेश्वर महतो, घासीराम पातर व अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को लिया चपेट में, बाल- बाल बचा चालक

**चतरा :** शहर के हाइ स्कूल के समीप शनिवार की रात एक भयावह हादसा टल गया।जब तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर एक बाइक उसके नीचे घुस गई।हादसे में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन चालक की जान बाल-बाल बच गई।जानकारी के अनुसार बाइक चालक सड़क पार कर रहा था, तभी सामने से आती ट्रक ने उसे टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सीधे ट्रक के अगले हिस्से के नीचे आ गई। हादसे ने बाइक को पुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद लोगों की भीड़ बढ़ती देख चालक ट्रक छोड़ कर फरार हो गया।इस अफरा तफरी में थोड़ी देर के लिए जाम लग गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस ने वहां पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

## करंट की चपेट में आने से गाय की मौत

**चतरा :** हंटरगंज थाना क्षेत्र के बलुरी गांव के भोक्तौरिया टोला में बिजली के करंट की चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बलुरी निवासी हलखोरी रजक रोज की तरह शनिवार सुबह 6 बजे अपनी गाय को चराने के लिए घर से बाहर निकालकर ले गया था। गाय चरते चरते एक बिजली की पोल (ट्रांसफॉमर) के पास चली गई । इस पोल में अर्थिंग के लिए एक तार जमीन में गाड़ा गया था। दुर्भाग्य से इसी अर्थ वाले तार में करंट आ गया। गाय इस तार के संपर्क में आ गई और करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। पत्रकारों से इस घटना की जानकारी साझा की गई है। स्थानीय लोगों ने कहा कि एक सप्ताह पूर्व भी इसी गांव के विशुन साव की भी गाय अर्थ की चपेट में आई थी जिससे गाय की मौत हो गई थी। बिजली विभाग को जानकारी देने के बावजूद विभाग सूद नहीं ली। और फिर वही घटना की आज पूर्णवृति हो गई। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग से क्षेत्र में सुरक्षा उपायों को बढ़ाने की मांग की है।

## अभाविप ने धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन

**चतराः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चतरा नगर इकाई द्वारा राज्य संपोषित बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय में रक्षाबंधन का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अभाविप ने इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सद्भाव, स्नेह और भाईचारे का संदेश दिया।एबीवीपी द्वारा स्कूल में रक्षाबंधन मनाने के दौरान छात्रों ने एक-दूसरे को राखी बांधी, तिलक लगाया और मिठाई खिलाई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को मजबूत करना और छात्रों में आपसी प्रेम और सद्भावना को बढ़ावा देना था। अभाविप के खेलो भारत के प्रांत सह प्रमुख मुन्ना यदुवंशी ने कहा कि रक्षाबंधन का यह पर्व न केवल भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है, बल्कि समाज में एकता और सद्भाव का भी संदेश देता है। विभाग सह संयोजक उज्ज्वल साहू ने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार केवल भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक ही नहीं है, बल्कि यह सामाजिक एकता और पारिवारिक मूल्यों को भी मजबूत करता है। उन्होंने बताया कि यह पर्व पूरे देश में हर्षोल्लास से मनाया जाता है। जिला संयोजक रौनक सिंह ने कहा, रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है, जो समाज में एकता और सद्भाव का संदेश देता है। और नगर मंत्री विशाल प्रजापति ने कहा कि अभाविप हमेशा से सामाजिक मूल्यों और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए काम करती है। अभाविप का उद्देश्य है समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना और नारी सम्मान को बढ़ावा देना।मौके पर उपस्थित स्कूल के प्रिंसिपल नीतू प्रजापति, खेलो भारत प्रांत सह प्रमुख मुन्ना यदुवंशी, विभाग सह संयोजक उज्ज्वल साहू, जिला संयोजक रौनक सिंह, नगर मंत्री विशाल प्रजापति शामिल थे।

## भाई - बहन के प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन संपन्न

**गिद्धौर (चतरा):** भाई - बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का शनिवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बहने अपने भाइयों के कलाई पर रक्षा सूत्र बांध रही थी।जबकि एक दूसरे को मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन की बधाई भी दिया। इधर जहां बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना किया। वहीं भाइयों ने भी अपनी बहन की सुरक्षा करने का संकल्प लिया। रक्षाबंधन को लेकर बाजार भी दिन भर गुलजार रही। मिठाइयां की खरीदारी भी जमकर हुई।वहीं दूसरी तरफ सावन पूर्णिमा के मौके पर विभिन्न शिवालयों में अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान हरे राम हरे कृष्णा की जय घोष से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। जबकि प्रखंड के विभिन्न गांव में कांवड़ पैदल यात्रा का आयोजन किया गया और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक भी हर्षौल्स के साथ किया गया।

## चतरा महिला कॉलेज के नए भवन का उद्घाटन, पठन-पाठन शुरू

**चतराः** महिला महाविद्यालय चतरा के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन शनिवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ चंद्रभूषण शर्मा, विधायक जनार्दन पासवान व जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी ने किया। नवनिर्मित भवन के उद्घाटन के साथ ही महिला महाविद्यालय अपने नए भवन में शिफ्ट हो गया। कुलपति के व्याख्यान के साथ पठन पाठन का कार्य प्रारम्भ किया गया। सर्वप्रथम नवनिर्मित भवन में पूजा अर्चना की गई। इसके बाद महाविद्यालय के सभागार में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

### मुख्यमंत्री ने खेतों में जाकर किसानों से की बातचीत, कहा

# हमारी सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध

संवाददाता

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन का निधन सोमवार को हुआ और बीते मंगलवार को वह पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके बेटे सीएम हेमंत सोरेन ने नेमरा गांव में उन्हें मुख्यअग्नि दी। वहीं, पिता के निधन के बाद से ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नेमरा में ही रह रहे हैं। वह श्राद्ध कर्म तक नेमरा में ही रहेंगे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खेतों में जाकर किसानों से बातचीत की। मुख्यमंत्री हेमंत ने कहा कि कृषि न सिर्फ अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, बल्कि हमारी पहचान, अस्मिता, संस्कृति और परंपरा की भी वाहक है। किसान खुशहाल होगा, तभी देश- राज्य समृद्ध होगा। हमारी सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बारिश का मौसम है और खेतों में धनरोपनी हो रही है। मुख्यमंत्री ने खेतों में जाकर धान की बुवाई कर रही स्थानीय ग्रामीण महिलाओं से संवाद करते हुए खेती-किसानी के ताजा हालात से रूबरू हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेतों की हरियाली किसानों की कड़ी मेहनत को दशार्ता है। जब फसलें लहलहाएंगी, तो यह उनके चेहरे की मुस्कान बनेगी। मुख्यमंत्री को खेत में अपने बीच देखकर किसानों के चेहरे खिल उठे। उनकी खुशियां देखते ही बन रही थीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने किसानों से सीधा संवाद किया और उनकी परेशानियां तथा समस्याओं को जाना। उन्होंने कहा कि किसानों का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। आपके लिए सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। आप इन योजनाओं से जुड़ें और अपने को सशक्त बनाएं। मैं आपके लिए हमेशा खड़ा हूं। आपको जो परेशानी हो, बताएं, उसका निराकरण निश्चित तौर पर होगा।



### अड़की थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा

# बाइक-ट्रेलर की टक्कर में तीन की मौत

संवाददाता

**खूंटी :** रक्षाबंधन के दिन अड़की थाना क्षेत्र में हुए एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। यह घटना शनिवार को अपराह्न करीब 3 बजे खूंटी-तमाड़ मुख्य मार्ग पर बारूहातू और खुदीमाड़ी के बीच हुई। मृतकों में दो सगे भाई और उनका एक साथी शामिल हैं।

मृतकों की पहचान मनोज लोहरा (पुरनानगर नीचे टोली, अड़की)ब्यास लोहरा (मनोज के भाई, पिताः घसिया लोहरा) राज लोहरा (साढ़ू, रांची जिले के सोनाहातू थाना अंतर्गत भुरसूडीह गांव निवासी) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर पुरनानगर से खूंटी की ओर जा रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार ट्रेलर, जिस पर लोहे का ऐंगल लदा हुआ था ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।



घटना के बाद ट्रेलर चालक वहां से फरार हो गया। पुलिस ने उसका पीछा किया, लेकिन वह हाथ नहीं लगा। फिलहाल पुलिस आरोपी वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है।

इस हादसे से पूरे इलाके में शोक छा गया है। स्थानीय लोग चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। मृतकों के शवों को पुलिस ने थाना परिसर में रखवा दिया है, जहां परिजनों के आने का इंतजार किया जा रहा है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है और ट्रेलर चालक को पकड़ने का प्रयास कर रही है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है, लेकिन प्राथमिक जानकारी के अनुसार ट्रेलर की रफ्तार और लापरवाही ही इस घटना का कारण मानी जा रही है।

# खरवार भोगता समाज व विकास संघ ने किया विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन

संवाददाता

**खूंटी :** जिले के बिरहु पतराटोली चौक स्थित अमर शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर शाही भोगता स्मारक स्थल पर खरवार भोगता समाज - विकास संघ के तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस श्रद्धा और सादगी के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत जिला पंचायत सदस्य सुकरा प्रधान द्वारा अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। इस मौके पर जिले के विभिन्न गांवों से समाज प्रेमी बंधुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भोला भोगता, उपाध्यक्ष रघुनाथ प्रधान, कर्म सिंह प्रधान, सलाहकार लालचंद प्रधान, अभिभावक विश्वनाथ प्रधान, मंगरू प्रधान, लूंदू प्रधान, गुणा प्रधान, अमर प्रधान, रामधन प्रधान सहित जिला व प्रखंड समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इनमें सुकर भोगता, चमरू प्रधान, बंधना प्रधान, विजय प्रधान (उर्फ धनों), विश्वानंद प्रधान, राम प्रधान, बिरेंद्र प्रधान, छेदी भोगता, सोहराई प्रधान, राजेश प्रधान, सोनु प्रधान, लक्की कुमार भोगता, देवशाय हास्सा व अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए।



इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और शहीदों के बलिदान को याद करना था। साथ ही, समाज के विकास और एकजुटता को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई।

## दिशोम गुरु व पत्रकार मुजफ्फर हुसैन को दी गई श्रद्धांजलि

**खूंटी :** श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर मुरहू में दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर उपस्थित छात्रों ने भी गुरुजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में खूंटी के प्रख्यात पत्रकार मुजफ्फर हुसैन प्रिंस की भी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि गुरुजी दीन -दुखियों की आवाज थे,उनका संपूर्ण जीवन समाज सेवा और राज्य व राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि पत्रकार मुजफ्फर हुसैन प्रिंस की शालीनता व्याहारकुशलता और निष्पक्षता को वर्षों याद किया जाएगा। वे अत्यंत मृदूभाषी एवं मिलनसार प्रवृत्ति के व्यक्ति थे उनका अचानक जाना एक अपूरणीय क्षति है।

# कांग्रेस ने समस्याओं का लिया जायजा

संवाददाता

**खूंटी :** कांग्रेस पार्टी की खूंटी इकाई ने विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर जिले के विभिन्न आदिवासी गांवों का दौरा किया और वहां के निवासियों की समस्याओं को सुना। पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीणों से बातचीत के दौरान जमीन संबंधी ऑनलाइन रसीद की जटिल प्रक्रिया, सड़कों व नालियों की खराब हालत, जमीन विवाद और बरसात में स्वास्थ्य संकट जैसी गंभीर चुनौतियों की जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने बताया कि जमीन की ऑनलाइन रसीद प्राप्त करने में तकनीकी दिक्कतों और लालफीताशाही के कारण उन्हें परेशानी हो रही है। गांवों तक पक्की सड़कों का अभाव और नालियों का जाम होना पैदल यात्रा को भी दूभर बना देता है। बरसात में यह समस्या विकराल रूप ले लेती है। कई गांवों में जमीन के मालिकाना हक को लेकर विवाद चल रहा है, जिससे ग्रामीणों का जीवन प्रभावित हो रहा है। खराब बुनियादी ढांचे और संचार मार्गों के कारण बरसात में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना मुश्किल हो जाता है।

पार्टी के प्रतिनिधियों ने मुरहू प्रखंड के अंतर्गत आने वाले गांवों– जाते, हासाबेड़ा, मामईल, बिंदा, गुल्लू व अन्य का भ्रमण किया। ग्रामीणों ने इन समस्याओं के निवारण के लिए तत्काल सरकारी हस्तक्षेप की मांग की। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य शाह, कांग्रेस उपाध्यक्ष सुशील संगा, जिला महासचिव सयूम अंसारी, जिला सचिव साबिर अंसारी, अलोक रितेश डूगडूग, रोशन सोए, मूरूम वीर सिंह मुंडा आदि ने गांवों का निरीक्षण किया। कांग्रेस नेताओं ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे इन मुद्दों को प्रशासन और सरकार के समक्ष उठाएंगे। उन्होंने कहा, आदिवासी समाज के विकास के लिए जमीन के अधिकार, बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सुविधाओं पर तुरंत ध्यान देना जरूरी है। हम इन मांगों को लेकर आंदोलन भी कर सकते हैं। पार्टी ने घोषणा की कि वह जल्द ही एक रिपोर्ट तैयार करके जिला प्रशासन और राज्य सरकार को सौंपेगी, साथ ही इन मुद्दों को विधानसभा में भी उठाया जाएगा।आदिवासी गांवों की ये समस्याएं न केवल उनके दैनिक जीवन को प्रभावित कर रही हैं, बल्कि विकास की मुख्यधारा से उन्हें दूर रखने का कारण भी बन रही हैं। कांग्रेस पार्टी का यह दौरा स्थानीय समस्याओं को राजनीतिक एजेंडे पर लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## शिव मंदिर में शिवलिंग को किया गया खंडित, प्रशासन ने शुरू किया जांच

**खूंटीः** सावन पूर्णिमा के पावन अवसर पर जहां पूरा देश भगवान शिव की आराधना में लीन था, वहीं झारखंड के खूंटी जिले में एक प्राचीन शिव मंदिर में शिवलिंग को खंडित कर दिया गया। यह घटना कर्रा थाना अंतर्गत बिनगांव में हुई, जिसने सनातनी हिंदू समुदाय की भावनाओं को गहरा ठेस पहुंचाया है। माना जा रहा है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने जानबूझकर इस पवित्र दिन को चुनकर यह घिनौना कृत्य किया। ताकि धार्मिक सौहार्द बिगाड़ा जा सके।बताया जा रहा है कि एक बच्चे ने कल रात में मंदिर का पट खुला पाया । अंदर जाकर देखा तो शिवलिंग टूटा हुआ था। इसकी सूचना मिलते ही गांववाले मंदिर परिसर में एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है , कुछ समय पहले रानियां क्षेत्र में भी एक मंदिर की मूर्ति को नुकसान पहुंचाया गया था। स्थानीय निवासियों और हिंदू संगठनों का आरोप है कि यह घटना सावन पूर्णिमा के दिन जानबूझकर अंजाम दी गई, ताकि हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा सके। उनका सवाल है कि आखिर क्यों लगातार हिंदू मंदिरों और प्रतीकों को निशाना बनाया जा रहा है? क्या यह सिर्फ अपराध है या फिर सोची समझी घृणित मानसिकता? घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, अभी तक किसी के खिलाफ कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### नक्सली संगठन टीएसपीसी के खिलाफ चतरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# हथियार के साथ नक्सली गिरफ्तार, पांच उग्रवादी घटना है दर्ज

संवाददाता

**चतरा :** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के एक नक्सली जमादार गंझू को गिरफ्तार कर लिया। नक्सली के पास से तीन देसी राइफल, एक देसी कट्टा, 92 राउंड जिंदा कारतूस, नक्सली संगठन का पोस्टर, मोबाइल, वर्दी और बैग बरामद किया गया है। अपने कार्यालय कक्ष में शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी संगठन का नक्सली जमादार गंझू उर्फ पहाड़ी गंझू थाना क्षेत्र के खामडीह गांव के पास जंगल में अवैध हथियार के साथ घूम रहा है,जो टीएसपीसी संगठन के नाम पर लेवी वसूली का काम करता है। उक्त सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए एसडीपीओ सिमरिया शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए खामडीह गाँव के जंगल के पास से छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान जमादार गंझू उर्फ पहाड़ी गंझू, पिता- स्वर्गीय कमलदेव गंझू, ग्राम-कनवातारी, सियालदाग, थाना लावालौंग, जिला चतरा को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से हथियार, गोलियां और अन्य सामान बरामद किए गए।एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली के खिलाफ चतरा सदर थाना कांड संख्या 0-311/24 दिनांक 27.09.2024, धारा-306(2)/352/3(5) बीएनएससी एवं 25(1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट, सिमरिया थाना कांड संख्या 0-08/23 दिनांक 15.01.2023, धारा-385/387/120(बी0) आईपीसी एवं 17(1)(1) सीएलए एक्ट, टंडवा थाना कांड संख्या 0-121/25 दिनांक 30.06.2025 धारा-127(2)/115(2)/303(2)/352/35 1(2)/3(5) बीएनएससी एवं 17( )( ) सीएलए एक्ट,टंडवा थाना कांड संख्या-152/25, दिनांक-28.07.2025, धारा-308(3)/308(4) वीएनएससी एवं 17( )( ) सीएलए एक्ट तथा लावालौंग थाना कांड संख्या-49/25 दिनांक-15.07.2025, धारा-308(3)/308(4)/308(5)/61(2)/ 3(5) 25(1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट एवं 17( )( ) सीएन 090 एक्ट दर्ज है।



# 50 साल के हुए सीएम हेमंत, जन्मदिन पर पिता शिबू सोरेन को कर रहे हैं याद

## इस बार नहीं मनाएंगे बर्थडे, 10 अगस्त 1975 को नेमरा में हुआ था जन्म

मेट्रो रेज

**रांची/नेमरा :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आज 50वां जन्मदिन है। इस बार सीएम अपना जन्मदिन नहीं मानाएंगे क्योंकि उनके पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन का निधन 4 अगस्त को हुआ था, और इन दिनों उनका श्राद्ध कर्म चल रहा है। ऐसे समय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गहरे शोक में हैं। हेमंत सोरेन का जीवन संघर्ष, राजनीतिक उतार-चढ़ाव और उपलब्धियों की मिसाल रहा है। उनका जन्म 10 अगस्त 1975 को रामगढ़ जिले के नेमरा गांव में हुआ था। बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हेमंत इंजीनियर बनने का सपना देखते थे। उन्होंने रांची के प्रतिष्ठित बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी), मेसरा में प्रवेश भी लिया, लेकिन



पारिवारिक जिम्मेदारियों और बदलती राजनीतिक परिस्थितियों ने उनका रास्ता बदल दिया। उन्होंने पढ़ाई छोड़कर संगठन को मजबूत करने का बीड़ा उठाया और बड़े भाई दुर्गा सोरेन के साथ सक्रिय राजनीति में उतर आए।

2005 में उन्होंने दुमका से अपना पहला विधानसभा चुनाव लड़ा, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और संगठनात्मक मजबूती के साथ कार्य करते रहे। 2009 में दुमका सीट से जीत दर्ज की और 2010 में राज्य के उपमुख्यमंत्री बने। 13 जुलाई 2013 को उन्होंने पहली बार झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। यह सरकार झामुमो, कांग्रेस और राजद के समर्थन से बनी थी और उनका कार्यकाल 23 दिसंबर 2014 तक चला। 2014 में वे दुमका और बरहेट दोनों सीटों से चुनाव लड़े दुमका में हार मिले, लेकिन बरहेट से विजयी हुए। इसके बाद वे विपक्ष के नेता के रूप में पांच वर्षों तक सक्रिय राजनीति में डटे रहे।

2009 में बड़े भाई दुर्गा सोरेन के निधन और पिता शिबू सोरेन की बढ़ती उम्र के साथ हेमंत सोरेन पर झामुमो की पूरी जिम्मेदारी आ गई। उन्होंने इसे पूरी निष्ठा और दृढ़ता से निभाया। मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने राज्य में कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं और झारखंड की जनता के मुद्दों पर मुखर होकर काम किया। आज जब वे 50 वर्ष के हो गए हैं, उनका जन्मदिन ऐसे समय आया है जब वे अपने पिता के निधन के शोक में हैं। एक पुत्र के रूप में वे अपने पिता की राजनीतिक और सामाजिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं और राज्य की सेवा में निरंतर लगे हुए हैं। हेमंत 50 वर्ष के हो गए हैं । आधी सदी सिर पर जब तक पिता का साया रहता है तब तक बेटा,बच्चा ही रहता है। मगर शिबू अब हेमंत के साथ नहीं और हेमंत के कंधों पर है दिशोम गुरु की विरासत । इसी विरासत के साथ हेमंत अपना 50वां जन्मदिन मना रहे हैं । आज शिबू सोरेन होते तो अपने बेटे का 50वां जन्मदिन का केक काटते हुए कितना खुश होते । बेटे का राजनीतिक कद, अपनी छाप और भरा-पूरा परिवार देख दिशोम गुरु जहां कहीं भी होंगे खुश होंगे । भले ही शिबू सोरेन का शरीर नेमरा में मौजूद नहीं हो लेकिन उनकी आत्मा इसी गांव के जल-जंगल और जमीन में मौजूद हो बेटे हेमंत को आशीर्वाद जरुर दे रही होगी । कह रही होगी झारखंड का जो रास्ता उन्होंने तय किया है उसी रास्ते पर चल इसी तरह खेत-खलिहानों,जंगलों, पहाड़ों और झरनों को बचाना ही होगा ।

अपने जन्मदिन से महज चंद घंटे पहले हेमंत सोरेन नेमरा के खेतों में भारी बारिश के बीच अपने लोगों के साथ दिखे। नंगे पांव, धान के खेत में उन महिलाओं की मदद करते हुए जो उस फसल को बो रही थीं जिस फसल ने हजारों सालों से आदिवासियों को जीने का सहारा दिया है । धान के खेत, और चारों ओर जंगल से घिरे नेमरा में हेमंत सोरेन की दिनचर्या अपने पिता शिबू सोरेन के लिए किए जा रहे अंतिम कर्मों की परंपरा निभाने में ही बीत रही है । 10 अगस्त को हेमंत का जन्मदिन है और 4 अगस्त को शिबू सोरेन ने अंतिम जोहार कह दिया। छह दिन हुए हैं और हेमंत सोरेन अपने ही जन्मस्थली की सेवा करते हुए दिख रहे हैं ।

अगले 5 दिनों तक बारिश के आसार

# राज्य के अधिकांश हिस्सों में गरज के साथ होगी बारिश

मेट्रो रेज

**रांची:** मौसम विभाग ने झारखंड में 10 से 13 अगस्त तक तेज बारिश और हवाओं को लेकर अलर्ट जारी किया है। 10 अगस्त को कई जगहों पर गरज-चमक के साथ 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। दक्षिणी और उत्तर-पूर्वी जिलों में भारी बारिश हो सकती है। 11 और 12 अगस्त को भी राज्य के कई हिस्सों में मध्यम दर्जे की बारिश के साथ बिजली कड़कने की संभावना है। 12 अगस्त को भी कुछ क्षेत्रों में तेज हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग ने किसानों और आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। राज्य के तापमान में हल्की गिरावट देखी गई है। रांची में अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री और न्यूनतम 21.9 डिग्री दर्ज किया गया। चाईबासा में अधिकतम तापमान 33 डिग्री और गढ़वा में 32.9 डिग्री रहा।

बीते 24 घंटों में सबसे ज्यादा बारिश बोकारो में 79.5



मिमी और चाईबासा में 60.0 मिमी दर्ज की गई। वहीं, मसानजोर (दुमका) में 56.0 मिमी बारिश हुई। 13 अगस्त को भी राज्य के दक्षिणी और उत्तर-पूर्वी जिलों में भारी बारिश हो सकती है, जबकि अन्य हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। 14 और 15 अगस्त को मौसम सामान्य हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बनने वाला निम्न दबाव क्षेत्र झारखंड में बारिश बढ़ा सकता है। साथ ही, संथाल परगना के गोड्डा और पाकुड़ जिलों में तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।

# जेपीएससी में सफल अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 18- 19 अगस्त को

संवाददाता

**रांची:** झारखंड प्रशासनिक सेवा में चयनित अभ्यर्थियों के लिए दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया इस माह शुरू हो रही है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने संयुक्त असैनिक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के तहत प्रशासनिक सेवा (उपसमाहर्ता) में चयनित 207 अभ्यर्थियों का कागजात सत्यापन 18 और 19 अगस्त 2025 को करने का निर्णय लिया है। यह सत्यापन कार्य प्रोजेक्ट भवन के द्वितीय तल स्थित सभागार में सुबह 11 बजे से दो पालियों में होगा। विभाग ने कहा है कि यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों पर उपस्थित नहीं हो पाएगा, तो उसके लिए 20 अगस्त को अतिरिक्त तिथि दी जाएगी। खढरउ अध्यक्ष एल ख्यांगते ने यह भी स्पष्ट किया है कि सत्यापन प्रक्रिया से जुड़ी विस्तृत जानकारी जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। झारखंड लोक सेवा आयोग ने 25 जुलाई 2025 को 11वीं, 12वीं और 13वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी किया था। यह परीक्षा राज्य की प्रशासनिक सेवाओं के लिए एकीकृत रूप से आयोजित की गई थी। आयोग ने कुल 342



पदों पर नियुक्ति के लिए चयन सूची जारी की, जिसमें उपसमाहर्ता, वरीय दंडाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, खंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य पद शामिल थे। यह संयुक्त परीक्षा प्रक्रिया 27 जनवरी 2024 को प्रारंभ हुई थी। प्रारंभिक परीक्षा में 7011 अभ्यर्थी सफल घोषित हुए थे, जबकि मुख्य परीक्षा में कुल 864 उम्मीदवारों ने सफलता पाई। इसके बाद साक्षात्कार चरण में 342 उम्मीदवारों का चयन हुआ। इस परीक्षा में प्रशासनिक सेवा (उपसमाहर्ता) के लिए 207 सीटें थीं, जिनमें अब कागजात सत्यापन की प्रक्रिया शुरू हो रही है।

अभ्यर्थियों की चिंताः परिणाम घोषित होने के पंद्रह दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक कट-ऑफ मार्क्स और अंक पत्र जारी नहीं किए गए हैं। इस देरी से चयनित अभ्यर्थियों के साथ-साथ रिजर्व लिस्ट और भविष्य की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले उम्मीदवार भी असमंजस में हैं। कई अभ्यर्थियों ने चिंता जताई है कि अंक पत्र मिलने में देरी से न केवल पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं, बल्कि भविष्य की तैयारी और आवेदन प्रक्रियाओं पर भी असर पड़ता है। हाईकोर्ट में मामला लंबितः इस परीक्षा की मूल्यांकन प्रक्रिया और उत्तर पुस्तिकाएं वेबसाइट पर उपलब्ध कराने को लेकर मामला फिलहाल झारखंड हाईकोर्ट में विचाराधीन है। अभ्यर्थियों का कहना है कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उत्तर पुस्तिकाएं और कट-ऑफ मार्क्स जल्द सार्वजनिक किए जाएं। उनका तर्क है कि यदि यह जानकारी समय पर उपलब्ध हो जाती है, तो चयन और नियुक्ति प्रक्रिया में किसी प्रकार का विवाद या देरी नहीं होगी।

### मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कल कांग्रेस भवन में सुनेंगी लोगों की समस्याएं

**रांची:** आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे जनता दरबार की अगली कड़ी में कृषि एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की 11 अगस्त को पूर्वाहन 11:00 बजे से कांग्रेस भवन रांची में लोगों की समस्याएं सुनेंगी।
प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जनता दरबार जनता से सीधे जुड़ाव का सिर्फ एक माध्यम ही नहीं बल्कि आम लोगों के दरवाजे पर पहुंचकर उनकी समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास है ताकि जनता का भरोसा सरकार और प्रशासन पर कायम रहे। शांति ने कहा कि झारखंड में जो भरोसा और उम्मीद महागठबंधन सरकार पर पुनः जनता ने जताया हैं उस पर संगठन और सरकार खरा उतरने का प्रयास कर रही है।

# चतरा विधायक ने अमन यादव को किया अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

संवाददाता

**रांची:** चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व विभाग संयोजक अमन यादव को चतरा नगर के लिए अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के माध्यम से श्री पासवान ने अमन यादव को चतरा नगर के लिए अपेक्षित बैठकों, योजनाओं के कार्यान्वयन और समन्वय हेतु अपना प्रतिनिधि नामित किया है।

नियुक्ति के विवरण:विधायक **प्रतिनिधि:** अमन यादव

**नियुक्ति द्वारा:** जनार्दन पासवान, चतरा विधायक

**कार्यकाल:** चतरा नगर के लिए अपेक्षित बैठकों, योजनाओं के कार्यान्वयन और समन्वय हेतु

जनार्दन पासवान का बयानःमैं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व विभाग संयोजक अमन यादव को चतरा नगर के लिए अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त करता हूँ। मुझे विश्वास है कि वे चतरा नगर के विकास के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे और क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे। अमन यादव का बयानः मैं जनार्दन पासवान का आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे चतरा नगर के लिए अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। मैं अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान करने और क्षेत्र के विकास के लिए काम करने का प्रयास करूंगा।

# राज्य में ई-चालान से वसूली की स्थिति खराब, नहीं हो पा रही है बकाया वसूली

संवाददाता

रांचीः राज्य में ई-चालान से वसूली की स्थिति खराब है। ई-चालान से बकाया वसूली बिल्कुल नहीं हो पा रही है। पाया गया है कि वसूली दर काफी कम है, जबकि ई-चालान की स्थिति को दुरुस्त कर इसके माध्यम से ज्यादा-से-ज्यादा वसूली करनी थी। पूर्व में ही ई-चालान के माध्यम से बकाया वसूली करने को कहा गया था। इसके बाद भी स्थिति अच्छी नहीं है। परिवहन विभाग ने सभी जिलों से ई-चालान से वसूली की रिपोर्ट




मंगायी है। जून माह की रिपोर्ट के मुताबिक रांची जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा मात्र दो ही वसूली ई-चालान से की गयी है। यानी दो ही ई-चालान निर्गत किये गये हैं। इससे भी खराब स्थिति बोकारो जिले की है। वहां के जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा केवल एक ही ई-चालान निर्गत किया गया है, जिससे वसूली की गयी है। वहीं क्षेत्रीय परिवहन पदाधिकारी हजारीबाग द्वारा 14 ई-चालान ही निर्गत किये गये हैं। इस स्थिति को काफी खराब माना गया है। विभाग ने इस पर असंतोष व्यक्त किया है। मामला देखने के बाद विभाग ने संबंधित जिलों से इसका कारण पूछा। इस पर रांची डीटीओ की ओर से जानकारी दी गयी है कि वाहनों की मैनुअल जब्ती हुई है और जब्त वाहनों को संबंधित थाना के सुपुर्द किया गया है। इस स्थिति को देखते हुए अब ऑफलाइन चालान का सिस्टम पूरी तरह बंद कर दिया जायेगा। यानी मैनुअल कार्य नहीं करना है। हर हाल में ऑनलाइन या इ-चालान सिस्टम से ही काम करना है। इ-चालान के माध्यम से ही वसूली करनी है।

# एडवोकेट सैयद अनवर हुसैन व सैयद यावर हुसैन की याद में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

मेट्रो रेज

**रांची :** राजधानी रांची के अंजुमन पलाजा के अंजुमन मुसाफिर खाना मेन रोड में निशुल्क मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप मे राज हॉस्पिटल, एएसजी आई हॉस्पिटल, तिरूपति डेंटल हॉस्पिटल, अनवर डेंटल क्लिनिक, स्किन केयर की टीम मौजूद रही इस कैंप का नाम हुसैन इंसानियत है। यह शिविर एडवोकेट सैयद अनवर हुसैन, उनकी पत्नी बीबी रजिया बेगम, सैयद खुर्शीद अनवर, एडवोकेट सैयद यावर हुसैन, पूर्व न्यायाधीश सैयद मंसूर अनवर और सैयद तनवीर अनवर की स्मृति में आयोजित किया गया। कैंप से समाज के गरीब तबके का मेडिकल फर्स्ट ऐड ट्रीटमेंट फ्री में हुआ साथ ही साथ जरूरतमंद लोगो को दवा भी दिया गया। कैंप के अयोजक सैयद फराज अब्बास ने कहा जरूरतमंद लोगों ने यहां का इलाज कराया और उन्हें मुफ्त दवा भी दी गई। शिविर में आए मरीजों ने कहा कि जो मरीज चिकित्सालय में अपना इलाज करवाने के लिए असमर्थ



है, ऐसे लोगों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर मानव सेवा का कार्य कर रहे है। शिविर आयोजक सैयद फराज अब्बास ने बताया कि शिविर में फिजिशियन, त्वचा रोग, पेट संबंधित रोग , मौसमी बीमारियों, तथा आंख, कान, गला, मुख संबंधित विभिन्न बीमारियों का इलाज किया गया। डा अदीबा ने कहा कि बारिश के मौसम पर बीमारियों का प्रकोप थोड़ा बढ़ जाता है। इसीलिए स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है। अपने आसपास जल जमाव न होने दे। डेंगू मच्छर का मलेरिया के प्रकोप से बचें और कोई भी दवा डॉक्टर के सलाह से ही लें। इस मौके पर डॉ सना इरम,डाक्टर नंदनी भोंसले,डॉक्टर सत्येंद्र, डॉ अदीबा, डॉ शादाब अनवर,डॉक्टर रियाज, सैयद इस्लाम अब्बास सैयद इंतखाब अब्बास, सुरूर अनवर ताबिश, लहू बोलेगा के संयोजक नदीम खान, मुख़्तार अहमद समेत कई लोग मौजूद थे।

# झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का सामूहिक श्रद्धांजलि सभा

## शहीद निर्मल महतो को दी गयी श्रद्धांजलि , शिबू सोरेन को आंदोलनकारी घोषित करने की मांग

मेट्रो रेज

**रांची/बोकारो:** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में चास (बोकारो) के जोधाडीह स्थित गुलमोहर पैलेस में दिशोम गुरु शिबू सोरेन की सामूहिक श्रद्धांजलि सभा की गई तथा शहीद निर्मल महतो की पुण्यतिथि पर आंदोलनकारियों का अधिवेशन का आयोजन किया गया। आंदोलनकारियों ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं शहीद निर्मल महतो को नमन करते हुए सामूहिक रूप से श्रद्धा सुमन अर्पित की।

आंदोलनकारियों ने संकल्प लिया कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं शहीद निर्मल महतो के सपनों को मंजिल तक पहुंचाने के लिए बड़ा संघर्ष करने का एलान किया। दिशोम गुरुजी शिबू सोरेन को गजट नोटिफिकेशन कर आंदोलनकारी घोषित करने की मांग की गई।

झारखंड आंदोलनकारियों ने कहा कि अपने बाल बच्चों के अधिकारों की रक्षा, जल- जंगल- जमीन की रक्षा, रोजी रोजगार नियोजन के अधिकारों की गारंटी, झारखंड अलग राज्य के माय माटी व मूल्यों को स्थापित करने, झारखंड आंदोलनकारियों के राजकीय मान सम्मान, अलग पहचान, रोजी रोजगार, नियोजन की गारंटी तथा जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी को सम्मान पेंशन राशि दिलाने के लिए संघर्ष जारी रखना है।



झारखंड आंदोलनकारियों ने कहा कि खनिज एवं कृषि पशुपालन आधारित उद्योग - धंधे स्थापित कर झारखंड के चहुंमुखी विकास की अवधारणा को साकार किया जा सकता है। विस्थापन एवं पलायन की समस्या को रोक सकते हैं एवं राजस्व की प्राप्ति सहज कर सकते हैं। झारखंड आंदोलनकारियों को स्वतंत्रता एवं स्वायत्तता के साथ विशेष पहचान व जीने का पूर्ण अधिकार मिलना चाहिए। आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अधिकार जो हमें पूरी स्वायत्तता दे और जिसके बल पर हमारी अपनी पहचान है उसे मिटाने ना दिया जाए।

कार्यक्रम में विधायक उमाकांत रजक, विधायक शत्रुघ्न महतो, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग के पूर्व सदस्य भुवनेश्वर महतो उपस्थित थे। जबकि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो,अध्यक्ष विदेशी महतो, उपाध्यक्ष डॉ रामनाथ मेहता, केंद्रीय कोषाध्यक्ष सरोजिनी कच्छप, संयुक्त सचिव हाबूलाल गोराई, दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल की अध्यक्ष रोजलीन तिर्की, संरक्षक नेहा नवनीता,

जिला अध्यक्ष राजदेव महाथा, ललित नारायण, महमूद आलम,किंकर चौहान, जिदन कोल,विश्वजीत प्रमाणिक, शिबू काली माइति, भारदूल भुइयां, गोपाल रवानी, खगेंद्र कुमार वर्मा , संतोष सिंह, जगतू माझी, जगत महतो, दिनेश महतो, कार्तिक महथा, रंजन सिंह, सूरज जयसवाल, प्रवीण मेहता, ध्रुव पासवान ,कोरस केरकेट्टा, सुजात टोप्पो मंतोष पाठक प्रकाश खलखो सीता देवी मिनी बाड़ा, हराधन प्रामाणिक , सुनीता देवी, कैलाश सिंह, सहित अन्य प्रमुख थे। कार्यक्रम का सफल संचालन बोकारो जिला अध्यक्ष महथा अध्यक्षता विदेशी महतो, स्वागत भाषण खगेंद्र कुमार वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन मंतोष पाठक ने की।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**खुली ई निविदा सूचना**
मंडल रेल प्रबन्धक/सं. एवं दू.सं.,उ.प.रे. जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा का ऑनलाइन ई-टेंडर आमंत्रित किया जाता है। **ई-टेंडर नोटिस नंबर एसएनटी- जेपी -11-2025-26 दिनांक :-07.08.2025 1. कार्य का नाम व लोकेशन** : जयपुर मंडल में रेलवे कॉलोनियों, ओआरएच/अधीनस्थ विश्राम गृह, अस्पताल/औषधालय, आरपीएफ बैरक आदि में रेलनेट के सुदृढीकरण के संबंध में दूरसंचार कार्य। **2. अनुमानित लागत** : रू. 9,87,97,941.34/- **3. धरोहर राशि** : रू. 6,44,000.00/- **4. वेबसाइट पर टेंडर भरने की अंतिम तिथि एवं समय : 29.08.2025** समय 15:00 बजे तक। **5. वेबसाईट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशन** : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड लोकेशन मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय, पावर हाउस रोड, जयपुर।
**994-DR/25**
हमें /NWRailways @NWRailways_ पर फॉलो करें



## कैसे काम करती है बुलेट प्रूफ जैकेट?

कभी न कभी कहीं न कहीं आपने बुलेट प्रूफ जैकेट के बारे में जरूर सुना होगा। आपने फिल्मों में इसे देखा होगा या फिर किसी आर्मी या पुलिस अफसर को इसे पहनते हुए भी देखा होगा। लेकिन क्या आपको पता है कि ये जैकेटें क्यों प्रयोग की जाती हैं? और अगर आप एक बुलेट प्रूफ जैकेट खरीदना चाहते हैं, तो आपको कितने पैसे खर्च करने पड़ेंगे। अगर नहीं तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं।
बुलेट प्रूफ जैकेट का काम क्या होता है?
बुलेटप्रूफ जैकेट व्यक्ति को पिस्तौल या बंदूक से चली गई गोली से हानि होने से बचाती है। दरअसल इसे मुख्य रूप से पुलिस, सैनिकों और अन्य सुरक्षा कर्मियों द्वारा प्रयोग किया जाता है, जो बड़े खतरे में होते हैं और जिन्हें ऐसी घटनाओं से बचने की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, विशेषज्ञों, नेताओं और देश के अन्य महान व्यक्तियों को भी ऐसी विकट स्थितियों में इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती हैं।


### गोली को कैसे रोकती है यह जैकेट?

वास्तव में, जब बुलेट जैकेट का सामना किसी गोली से होता है, तो उस गोली जैकेट के कड़क हिस्से में प्रवेश करती है। यह गोली की नुकीली त्वचा के नीचे वितरित हो जाती है और इससे गोली की स्पीड में कमी आ जाती है, जिससे उसका प्रभाव कम हो जाता है। साथ ही, जैकेट के नुकीले हिस्से में आने वाली गोली को रोकने के लिए बैलिस्टिक प्लेट का उपयोग किया जाता है। जिससे जैकेट पहने व्यक्ति को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होता।

### बुलेट प्रूफ जैकेट की कीमत कितनी होती है?

जानकारी के अनुसार बुलेट प्रूफ जैकेट की कीमत 40 हजार रुपये से शुरू होती है और 2 लाख तक की भी हो सकती है, जो उसकी गुणवत्ता और प्रकार पर निर्भर करती है। इसके अतिरिक्त, आजकल एडवांस्ड जैकेट भी उपलब्ध हैं जो काफी हल्की होती हैं। इसके अलावा, जब कोई बुलेट प्रूफ जैकेट पहने व्यक्ति को गोली लगती है, तो उसे उस इम्पैक्ट का एहसास होता है जैसे कोई उसे धक्का दे दिया हो, हालांकि इससे व्यक्ति को किसी भी तरह का नुकसान नहीं होता।



# एराक्नोकैंपा ल्युमिनोसा नामक ग्लोवॉर्म से चमकती हैं वेटोमो ग्लोवॉर्म गुफाएं

**न्यूजीलैंड की वेटोमो ग्लोवॉर्म गुफा ऐसी नजर आती है, जैसे तारों से जगमगाता आसमान। दरअसल यहां एराक्नोकैंपा ल्युमिनोसा नामक ग्लोवॉर्म पाए जाते हैं। ये जीव एक रासायनिक प्रक्रिया करते हैं, जिससे रोशनी पैदा होती है। यह रोशनी अपने शिकार को आकर्षित करने के लिए होती है। इस दौरान यह सिल्क जैसे लंबे जाल बुनते हैं ताकि इसमें फंसने वाले जीवों का शिकार कर सकें। ये जीव जितने ज्यादा भूखे होते हैं उतनी ज्यादा रोशनी पैदा करते हैं। इसे देखने के लिए यहां पर्यटकों का तांता लगा रहता है।**



क्या आप प्रागैतिहासिक गुफाओं के माध्यम से एक स्वप्निल सवारी करना चाहते हैं जो एक परी कथा की दुनिया से मिलती जुलती है? न्यूज़ीलैंड में वेटोमो ग्लोवॉर्म गुफाये किसी चित्र पोस्टकार्ड से कम नहीं दिखता, उत्तरी द्वीप के वेटोमो क्षेत्र में मंद रोशनी वाली और चमकते कीड़ों द्वारा आश्चर्यजनक रूप से सजाई गई है। चूना पत्थर की गुफाएँ ऑकलैंड के दक्षिण से घुमावदार पहाड़ियों के नीचे 2 घंटे की दूरी पर हैं।
न्यूजीलैंड की ग्लोवॉर्म गुफाएं अनोखी हैं, जिन्हें कुदरत का चमत्कार कहना गलत नहीं होगा, क्योंकि इनकी छतें रात के अंधेरे में तारों से रोशन आसमान की तरह दिखती हैं. इसी वजह से ये गुफाएं दुनियाभर में फेमस हैं. बड़ी संख्या में लोग इनको देखने के लिए आते हैं. अब इन गुफाओं से जुड़ा एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें आप गुफा के अंदर का जादुई नजारा देख कर हैरान रह जाएंगे.
सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर ये वीडियो पोस्ट किया है, जिसके कैप्शन में बताया गया है कि, 'न्यूजीलैंड में वेटोमो ग्लोवॉर्म गुफाएं हजारों छोटे बायोलुमिनसेंट जीवों प्राणियों के साथ अपनी छत की चमक के साथ एक अनोखा अनुभव प्रदान करती हैं. इन गुफाओं के अंदर का नजारा तारों से भरी रात की तरह लगता है.'

### कहां हैं ये गुफाएं?


रिपोर्ट के अनुसार, ग्लोवॉर्म गुफाएं न्यूजीलैंड के वेटोमो गांव में स्थित है. ये टोमो गुफाओं में सबसे प्रसिद्ध हैं, जो 130 से अधिक सालों से पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रही हैं.

### गुफा की छतें चमकने का रहस्य?

रिपोर्ट के अनुसार, ग्लोवॉर्म गुफाएं एक कीड़े की वजह से चमकती हैं, जो छतों पर बड़ी संख्या में पाए जाते हैं. इस कीड़े का नाम एराचनोकैम्पा ल्यूमिनोसा है, जिसे न्यूजीलैंड ग्लोवॉर्म के नाम से भी जाना जाता है. ये कीड़े मच्छरों की तरह दिखते हैं और परिपक्व होने पर मक्खियों में बदल जाते हैं. जुगूनी की तरह प्रकाश उत्सर्जित करने में सक्षम ये कीड़ा न्यूजीलैंड में ही पाया जाता है.



ग्लोवॉर्म गुफाएं प्रकृति की बेहतरीन रचना हैं जो समय के साथ पुरानी हो गई हैं और विशिष्टता प्राप्त कर चुकी हैं। बहुत सारे पर्यटक भूमिगत गुफा में नौकायन और कयाकिंग सत्र का आनंद लेते हैं। चमकते कीड़ों के नीचे तैरते हुए एक तारों भरी रात बिताएं और चमकते कीड़ों द्वारा आकर्षक बनाए गए गुफा के मंद-रोशनी वाले वातावरण को देखकर आश्चर्यचकित हो जाएं।
किंवदंतियों के अनुसार वेटोमो ग्लोवॉर्म गुफाएं लगभग 30 मिलियन वर्ष पुरानी हैं। समय के साथ, समुद्र के तल पर स्थित ये चूना पत्थर की गुफाएँ खराब हो गई हैं और हल्की रोशनी के साथ आकर्षण बढ़ा रही हैं, जिससे सुंदर भूमिगत गुफाएँ जगमगा रही हैं, जिसने दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्षित किया है।



# जापान में स्थित है 600 साल पुराना तलाक मंदिर

दुनिया में ऐसे कई मंदिर है जिनकी अपनी अलग ही एक पहचान होती है। हालांकि हर मंदिर की अपनी एक विशेषता होती है लेकिन कुछ मंदिरों में अलग मान्यताओं के चलते उनको एक विशेष दर्जा दिया जाता हैं। आज ऐसे ही एक मंदिर के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं।
सनातन धर्म में मंदिरों का अपना एक विशेष महत्व है। वहीं हम सनातन धर्म की बात करें तो हर मंदिर के अपने-अपने नियम और कानून होते हैं, जिससे वे दुनिया भर में मशहूर होते हैं। दरअसल मंदिरों के जरिए ही अपने अपने कल्चर को सुरक्षित हर धर्म द्वारा रखा जाता हैं। वहीं अपने जीवन में आपने कई ऐसे मंदिरों के बारे में सुना होगा जहां अपनी-अपनी मान्यताएं है। आज ऐसे ही एक मंदिर के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं।

### 'तलाक मंदिर' की अपनी एक खास पहचान

दरअसल आज हम आपको एक ऐसे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसकी अपनी एक खास पहचान हैं। दरअसल इसे 'तलाक मंदिर' के नाम से ही जाना जाता हैं। आपको बता दें कि यह मंदिर जापान में स्थित है और इसे उसके अजीब इतिहास के लिए विख्यात माना जाता है। दरअसल यदि आप इसका नाम सुनकर यह सोच रहे होंगे की शायद इस मंदिर में तलाक करवाए जाते होंगे तो ऐसा नहीं हैं, यहां तलाक नहीं होते और न ही किसी देवी-देवता की पूजा की जाती है।

### क्या है इस मंदिर की विशेषता?

आपको बता दें तलाक मंदिर, जिसे विशेष रूप से 'मात्सुगाओका टोकेई-जी के नाम से भी जाना जाता है, 12वीं और 13वीं शताब्दी की शुरुआत में जापान में बनाया गया था। मान्यताओं के अनुसार इस मंदिर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आध्यात्मिक दृष्टिकोण से सशक्त करना था, क्योंकि उस समय महिलाओं की सामाजिक स्थिति बहुत ही कमजोर थी और उनके अधिकारों में भी बड़ी असमानता थी।
जापान के समाज में 12वीं और 13वीं शताब्दी में सिर्फ पुरुषों के लिए तलाक की व्यवस्था थी, जिसके अनुसार पुरुष आसानी से अपनी पत्नी को तलाक दे सकते थे। इस दौरान वे महिलाएं जिन्हें शादी में खुशी नहीं मिली या घरेलू हिंसा की सामना कर रही थीं, उनके लिए एक समर्थन संरचना की आवश्यकता थी। 1285 में, बौद्ध नन काकुसान शिदो-नी ने तलाक मंदिर की स्थापना की, जो उन महिलाओं को आश्रय और सहायता प्रदान करने के लिए था जो संघर्ष कर रही थीं। यहां, वे अपने जीवन को आध्यात्मिकता में समर्पित करके बिताती थीं।





# ये है दुनिया का सबसे छोटे दिल वाला पक्षी एक सिक्के से भी हल्का होता है इनका शरीर!

**आपको जानकर हैरानी होगी कि कनाडा में टोरंटो स्थित रॉयल ओंटेरियो म्यूजियम में एक ब्लू व्हेल का दिल रखा हुआ है, जिसका वजन करीब 190 किलोग्राम है. पर क्या आप जानते हैं कि ऐसा कौन सा पक्षी है, जिसके पास दुनिया का सबसे छोटा दिल है?**

दुनिया में अलग-अलग साइज और वजन के पशु-पक्षी होते हैं. कोई मोटा होता है तो कोई पतला, कोई भारी होता है तो कोई बहुत ही हल्का. व्हेल तो आपने देखा ही होगा. ये दुनिया के सबसे बड़े और वजनदार जीवों में से एक होते हैं. आपको जानकर हैरानी होगी कि एक व्हेल का दिल कार के बराबर लंबा-चौड़ा और काफी वजनदार होता है. कनाडा में टोरंटो स्थित रॉयल ओंटेरियो म्यूजियम में एक ब्लू व्हेल का दिल रखा हुआ है, जिसका वजन करीब 190 किलोग्राम है. पर क्या आप जानते हैं कि ऐसा कौन सा पक्षी है, जिसके पास दुनिया का सबसे छोटा दिल है? तो चलिए जानते हैं कि इस पक्षी के बारे में कुछ रोचक बातें, जो शायद ही आप जानते होंगे.
दुनिया में अलग-अलग साइज और वजन के पशु-पक्षी होते हैं. कोई मोटा होता है तो कोई पतला, कोई भारी होता है तो कोई बहुत ही हल्का. व्हेल तो आपने देखा ही होगा. ये दुनिया के सबसे बड़े और वजनदार जीवों में से एक होते हैं. आपको जानकर हैरानी होगी कि एक व्हेल का दिल कार के बराबर लंबा-चौड़ा और काफी वजनदार होता है. कनाडा में टोरंटो स्थित रॉयल ओंटेरियो म्यूजियम में एक ब्लू व्हेल का दिल रखा हुआ है, जिसका वजन करीब 190 किलोग्राम है. पर क्या आप जानते हैं कि ऐसा कौन सा पक्षी है, जिसके पास दुनिया का सबसे छोटा दिल है? तो चलिए जानते हैं कि इस पक्षी के बारे में कुछ रोचक बातें, जो शायद ही आप जानते होंगे. दुनिया के सबसे छोटे दिल वाले पक्षी का नाम है हमिंगबर्ड, जिसे दुनिया का सबसे छोटा पक्षी भी कहा जाता है. आपको जानकर हैरानी होगी कि एक हमिंगबर्ड आमतौर पर महज 2-2.5 इंच ही लंबी होती है. हालांकि कुछ 8 इंच भी लंबी होती हैं और इनके वजन की अगर बात करें तो एक हमिंगबर्ड महज दो ग्राम से लेकर 20 ग्राम तक की होती है. अब आप समझ सकते हैं कि इनका दिल कितना छोटा होता होगा.
दुनिया के सबसे छोटे दिल वाले पक्षी का नाम है हमिंगबर्ड, जिसे दुनिया का सबसे छोटा पक्षी भी कहा जाता है. आपको जानकर हैरानी होगी कि एक हमिंगबर्ड आमतौर पर महज 2-2.5 इंच ही लंबी होती है. हालांकि कुछ 8 इंच भी लंबी होती हैं और इनके वजन की अगर बात करें तो एक हमिंगबर्ड महज दो ग्राम से लेकर 20 ग्राम तक की होती है. अब आप समझ सकते हैं कि इनका दिल कितना छोटा होता होगा.
कहते हैं कि हमिंगबर्ड खड़े-खड़े ही सो लेती है. दरअसल, इनके पैर बहुत ही कमजोर होते हैं, इसलिए ये चल नहीं पातीं, लेकिन अपने पैरों से ये पेड़ की टहनियों को मजबूती से पकड़ कर खड़े-खड़े सो जरूर जाती हैं. एक हमिंगबर्ड की उम्र करीब 4-5 साल ही होती है. आपको शायद ही ये पता हो कि यह चिड़िया हर 10 मिनट में कुछ न कुछ खाती या पीती है. वहीं, इनकी सबसे बड़ी खासियत ये है कि ये अपने पंखों को इतनी तेजी से फड़फड़ाती हैं कि एक ही जगह पर काफी देर तक रूकी रह सकती हैं, जिस तरह कोई हेलीकॉप्टर अपने पंखों के सहारे एक ही जगह पर रूका रह सकता है. वैसे कहने के लिए तो ये दुनिया के सबसे छोटे पंछी होते हैं, लेकिन लंबी दूरी के सफर के मामले में इनका मुकाबला कोई नहीं कर सकता. हमिंगबर्ड एक उड़ान में करीब 1400 मील यानी 2253 किलोमीटर का सफर तय कर सकती हैं.

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## स्वीपर कॉलोनी में जाकर अमिता रक्षित ने बांधी राखी



**दुमका :** दुमका नगर परिषद् की पूर्व अध्यक्षा डॉ.अमिता रक्षित ने शनिवार को रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम में बीके जयमाला दीदी से राखी बनवाई एवं वहां उपस्थित डॉ. पीयूष को राखी बांधी. इस अवसर पर शहर के डंगालपाड़ा स्थित स्वीपर (२६ीस्त्री१ )कॉलोनी में पहुंचकर सभी सफाई कर्मियों को तिलक लगाकर राखी बांधी एवं मुंह मीठा किया. डॉ. रक्षित ने कहा कि रक्षाबंधन भाई बहनों का अटूट रिश्ता का पावन-पर्व है. सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रीय एकता का पावन पर्व है.

## जिला प्रशासन द्वारा सक्रिय राहत कार्य जारी




**साहिबगंज :** सदर प्रखंड अंतर्गत शंकुतला घाट, रामपुर दियारा छोटा व बड़ा और रामपुर टोपरा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए जिला प्रशासन द्वारा सक्रिय राहत कार्य जारी है। प्रभावित पशुपालकों की सहायता हेतु पशु राहत सामग्री के रूप में बिचाली और कुट्टी का वितरण किया जा रहा है, ताकि बाढ़ के समय पशुओं के चारे की कमी न हो। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि जरूरतमंदों तक समय पर आवश्यक सहायता पहुँचाई जाएगी।

## विश्व आदिवासी दिवस पर सिद्धो-कान्हो की प्रतिमा पर माल्यार्पण



**साहिबगंज :** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर परियोजना निदेशक, आईटीडीए- सह- प्रभारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, साहिबगंज श्री संजय कुमार दास ने आज सिद्धो-कान्हो स्टेडियम स्थित वीर स्वतंत्रता सेनानी सिद्धो-कान्हो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## चाकू का भय दिखाकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार तड़के एक युवती के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की मां द्वारा थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, घटना अहले सुबह लगभग 4 बजे की है।।महिला ने बताया कि वह अपने कमरे में सो रही थी, तभी पास के कमरे से उसकी बेटी के रोने और चीखने की आवाज सुनाई दी। कमरा अंदर से बंद था। शोर मचाने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे। दरवाजा खुलवाने के बाद पीड़िता ने बताया कि रांगा थाना क्षेत्र के केलाबाड़ी बनियाडीह निवासी गौरव कुमार साहा देर रात करीब 2 बजे घर में घुसा और चाकू का भय दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि वारदात के दौरान आरोपी ने पीड़िता से मारपीट भी की। घटना के बाद ग्रामीणों ने आरोपी को उसी कमरे में बंद कर दिया और पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही राधानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर रविवार को उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## युवा कांग्रेस देश की युवाओं के हित की बात करती है : कौसर



**साहिबगंज :** भारतीय युवा कांग्रेस का 65 वीं स्थापना दिवस के अवसर पर सदर प्रखंड के लाल बथानी मे युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष कौसर आलम के नेतृत्व मे बच्चों के बीच कॉपी कलम का वितरण किया गया !कौसर अलम ने कहा कि युवा कांग्रेस देश की युवाओं के हित की बात करती है।उन्होंने कहा कि बच्चों में शिक्षा का माहौल होना बहुत जरूरी है क्योंकि यही बच्चे देश का भविष्य है !मौके पर अब्दुल वाहिद मो०अफ्फान,जहांगीर आलम,शमसुल हक,मो रफत,हक आदि उपस्थित थे

## वोट प्रकरण को वीडियो के माध्यम से जन जन पहुंचाया गया

**साहिबगंज :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इंदिरा भवन नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन कर वोट चोरी प्रकरण का आंकड़ों एवं तथ्यों के साथ उजागर किया है।प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्य के सभी जिला मुख्यालय में वीडियो के माध्यम से वोट चोरी प्रकरण को प्रदर्शित करने का निर्देश प्राप्त हुआ है।जिसकी जानकारी साहिबगंज कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने दी।उन्होंने बताया की झारखण्ड कांग्रेस प्रदेश के निर्देश के आलोक में आज साहिबगंज जिला कांग्रेस कार्यालय में दिन के 11 बजे वोट चोरी प्रकरण को वीडियो के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम रखी।

# भाजपा का जारी है हर घर तिरंगा- तिरंगा यात्रा कार्यक्रम

संवाददाता

**दुमका :** भारतीय जनता पार्टी दुमका द्वारा हर घर तिरंगा झ तिरंगा यात्रा 2025₹ को सफल और भव्य बनाने के उद्देश्य से शनिवार को दुमका नगर में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला शिवपहाड़ में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न मोर्चों के कार्यकर्ता एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यशाला में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, प्रचार-प्रसार की रणनीति, बूथ स्तर तक कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी और जनजागरण अभियान के तौर-तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि यह अभियान सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र के गौरव, एकता और अखंडता का प्रतीक है, जिसे घर-घर तक



पहुँचाना हम सबका कर्तव्य है। बैठक में निर्णय लिया गया कि दुमका नगर में तिरंगा यात्रा का आयोजन कर जनता को इस अभियान से जोड़ा जाएगा और हर घर पर तिरंगा फहराने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।

इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकताओं का आह्वान किया कि वे पूर्ण समर्पण, देशभक्ति और अनुशासन के साथ इस ऐतिहासिक अभियान को जन-जन तक पहुँचाने में अपनी भूमिका निभाएँ।

कार्यशाला में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुज आर्या,जिला महामंत्री डॉ० पवन केसरी,पूर्व नगर अध्यक्ष मृणाल मिश्रा,ओम केसरी,जिला मीडिया सह प्रभारी नवल किस्कू, दीप्तांशु कोचगवे,अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीधर दास,संतोष साह,किशोरेंद्र दास, संजीत प्रसाद भगत,ऋषिकेश कुमार,तरुण साह,बम केसरी,सूरज चौधरी,बिक्की पाठक,प्रदीप पाठक,सोनू कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## देवघर में श्रावणी मेला का समापन बैद्यनाथ धाम में स्पर्श पूजा की शुरूआत

संवाददाता

**देवघर :** बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में एक माह तक चलने वाले राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के अंतिम दिन मेला के सफलता पूर्वक समापन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा बाबा बैद्यनाथ की विशेष पूजा की गयी, जिसके पश्चात अर्घा हटाया गया।

इसके अलावा अर्घा हटने के पश्चात सरदार पंडा ने उपायुक्त श्री लकड़ा को पूरे विधि-विधान के साथ बाबा बैद्यनाथ की षोडशोपचार विधि से पूजा कराई, जिसके बाद उपायुक्त ने मेला के सफल व बेहतर तरीके से संपन्न होने के लिए बाबा को नमन कर आभार जताया। साथ ही पूजा के



बाद माँ तारा मंदिर से उपायुक्त ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया।

मौके पर उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, बाबा मंदिर प्रभारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, सहायक मंदिर प्रभारी संतोष कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीएमएफटी की टीम के साथ जिला स्तर के सभी अधिकारी, कर्मी आदि उपस्थित थे।

## उधवा में भाई-बहन के प्रेम का पर्व रक्षाबंधन धूमधाम से मना

संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व को उधवा प्रखंड क्षेत्र में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घर-घर में तैयारियां जोरों पर रहीं और माहौल में उत्साह की लहर दौड़ गई।जानकारी के अनुसार उधवा, फुदकीपुर नौघरिया कठहलबाड़ी, श्रीधर, बेगमगंज, राधानगर, आतापुर, केलाबाड़ी, चांदशहर, जोंका समेत विभिन्न गांवों में हिंदू समुदाय के बीच इस पर्व को लेकर विशेष उमंग देखने को मिली। दूर-दराज से माताएं और बहनें अपने भाइयों के घर पहुंचीं और प्रेमपूर्वक उनकी कलाई पर राखी बांधकर उनके दीघार्यु और सुख-समृद्धि की कामना की। रक्षा सूत्र बांधने के साथ



ही भाइयों ने जीवनभर बहनों की रक्षा और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाइयों और बहनों ने एक-दूसरे को उपहार, मिठाई और नए वस्त्र भेंट कर त्योहार की खुशियां साझा कीं। रक्षाबंधन का यह पर्व न केवल भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करता है, बल्कि समाज में आपसी एकता और भाईचारे का संदेश भी देता है। गांवों की गलियों में त्योहार की रौनक, घर-आंगन में गूंजती हंसी और मिठाइयों की खुशबू इस बात का प्रमाण थीं कि रिश्तों की डोर जब प्रेम से बंधी हो, तो उसका कोई मुकाबला नहीं।

## 200 मीटर सड़क निर्माण प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश



संवाददाता

**साहिबगंज :** सिविल सर्जन- सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी साहिबगंज रामदेव पासवान द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने क्रमशः प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंडरोबीपीएचयु निर्माण कार्य मंडरो, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिर्जाचौकी व एन ओएएस के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिरसा, तेतरिया और लीला का आकस्मिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सिरसा की सीएचओ लखीपुर एएनएम में एन ओएएस प्रमाणीकरण में सहयोग प्रदान करने गयी थी अन्य स्वास्थ्यकर्मी अपने-अपने कार्यस्थलों पर उपस्थित थे। सिविल सर्जन ने सिरसा स्वास्थ केंद्र के लिए रोड व बाउंड्री वाल बनाने हेतु निदेशित किया । जबकि बोरियो और मंडरो के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के एन ओएएस प्रमाणीकरण हेतु कराने की दिशा में अग्रसर कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया । तेतरिया स्वास्थ केंद्र के लिए बाउंड्री वाल, योग शेड , एन ओएएस प्रमाणीकरण संस्थान में साफ-सफाई हेतु निदेशित किया। लीला स्वास्थ केंद्र के लिए 200 मीटर रोड सड़क निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने हेतु निदेशित किया। सेंटर अभी बन कर तैयार नहीं हुआ हैं, संबंधित एजेंसी से समन्वय स्थापित कर काम को जल्दी से पूरा करने हेतुनिर्देशित किया गया। सभी स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही नियमित रूप से ओपीडी सेवाएं, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, स्पुटम कलेक्शन और स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर साफ-सफाई बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक स्वास्थ्यकर्मी को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना आवश्यक है, ताकि जि'ले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के सभी नागरिकों को समय पर और प्रभावी स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो सके।

## मां गंगा की हुई भव्य आरती



संवाददाता

**साहिबगंज :** संध्या श्रावण मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर मां गंगा सेवा समिति साहिबगंज झारखण्ड की ओर से हर माह की तरह इस माह भी अगस्त महीने तक लगातार पूर्णिमा तिथि के अवसर पर जारी साहिबगंज के स्थानीय मुक्तेश्वर धाम सीढ़ी घाट गंगा तट पर पुरोहित धनेश तिवारी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और मां गंगा का विधिवत पूजन कर मां गंगा की भव्य आरती की गई।पूरा गंगा तट भक्तिमय माहौल के साथ हर हर गंगे,जय मां गंगे,हर हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।तत्पश्चात भक्तजनों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।इस पुनीत अवसर पर मां गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पाण्डेय, शशि कुमार सुमन जगन्मय मिश्रा,अमित केशरी,संदीप अवस्थी,सिद्धार्थ कुमार, आभाष ओझा,आयुष ओझा,रोहित कुमार विकास शर्मा आदि सदस्यगण और दर्जनों श्रद्धालु एवं महिला उपस्थित थे।

## रक्षाबंधन में पूरे विश्व को एकता के सूत्र में बांधने की ताकत है : ब्रह्मा कुमारी बिंदु

संवाददाता

**साहिबगंज :** छोटा पंचगढ़ मे डॉ अजय कुमार सिंह व राजेश सिंह के मकान मे स्थित प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय में रक्षा बंधन भाई बहन का अटूट संबंध का पवित्र पर्व को अपने अंदाज से मनाया गया।जहां केन्द्र पर आने वाले सभी भाईयों को माथा में तिलक लगाकर कलाई में रक्षा बांध कर भाई बहन के रिश्ता को बहन के रक्षा का प्रतीक बताया गया।वही केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी बिंदु सेवा केंद्र संचालिका ने कहा रक्षाबंधन में पूरे विश्व को एकता के सूत्र में बांधने की ताकत है।भारत देश विश्वगुरू होने के कारण यहाँ के प्रत्येक रस्म रिवाज और पर्व में मनुष्य को सशक्त करने तथा एक ऐसा समाज बनाने के प्रयास का भाव होता है जहाँ मनुष्य शारीरिक,मानसिक,पारिवारिक और सामाजिक रूप से खुशहाल और सुन्दर जीवन बना सके।इन पर्वो और रीति,रस्म, रिवाजों में रक्षाबन्धन का पर्व धागे का है परन्तु बहुत शक्तिशाली है। रक्षाबन्धन का पर्व श्रावण मास में पूर्णिमा के समय मनाया जाता है। पूर्णिमा अर्थात चन्द्रमा का सम्पूर्ण रूप । श्रावण मास को वैसे भी परमात्मा शिव का मास मनाते हैं,जिसमें भगवान भोलेनाथ की विभिन्न रूपों में पूजा की जाती है।राखी के सन्दर्भ में बात की जाये तो आज इसका रूप बदलकर पाश्चात्य देशों के प्रभाव और संस्कृति के कारण केवल परम्परा के रूप में मनाया जाने लगा है। विभिन्न प्रकार की सजी-सजाई फैशनेबल राखियों को भाई के कलाई में राखी बांधकर अपनी परम्परा पूरी कर लेते है।जबकि प्रारम्भ में जब इसकी शुरूआत हुई तो जब पुरुष युद्धभूमि में जाते थे तब उनकी धर्मपत्नियां भी रक्षाबन्धन बांधकर तथा माथे पर तिलक लगाकर उनके विजय होने की कामना करती थी।इसके बाद ब्राह्मण भी केवल एक पीला पतला धागा अपने यजमानों को



बांधते थे जिसे 'रक्षासूत्र' कहा जाता था,वह अब भी कहीं-कहीं प्रचलित है।यदि यह रक्षाबन्धन केवल भाई-बहनों तक ही सीमित था तब असुरों और देवताओं के युद्ध में इन्द्राणी ने इन्द्र को रक्षाबन्धन क्यों बाधा था क्योंकि वे तो आपस में पति और पत्नी थे।अथवा ब्राह्मण यजमानों को 'रक्षासूत्र क्यों बांधते थे।इसके बारे में आज प्रत्येक व्यक्ति को सोचने की आवश्यकता है।रक्षाबंधन का अर्थ ही होता है- रक्षा के लिए बंधन' ।हालांकि बन्धन किसी को भी प्रिय नहीं होता है परन्तु यहाँ इसका अर्थ यही है कि अपनी उन आसूरी प्रवृत्तियों से रक्षा के लिए मयार्दाओं के बंदन में बंधना,जिसके कारण हमें कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।वास्तव में यह बंधन नहीं बल्कि स्वतंत्रता है क्योंकि जो व्यक्ति आसुरी शक्तियों से मुक्त है वह इस दुनिया में सबसे स्वतंत्र है।मनुध्यात्माओं को आसुरी शक्तियों से रक्षा करना तथा दैवी शक्तियों का आह्वान करना ही इस रक्षाबन्धन का उद्देश्य है।रक्षाबंधन का प्रारम्भ यदि ईश्वरीय सन्दर्भ में देखा जाये तो श्रावण मास परमात्मा शिव का मास माना जाता है।उसमें भी पूर्णिमा के समय मनाया जाता है।इसका अर्थ यही है कि स्वयं परमात्मा ने इसकी प्रारम्भ की है। इस पर्व के पीछे यही संदेश है कि भाई-बहन की समान पवित्रता सर्व मनुष्यों को सर्व प्राणियों के प्रति धारण करना चाहिए।इससे ही वह सोलह कला सम्पन्न,सम्पूर्ण सत्योंप्रधान बन सकता है।क्योंकि जबतक अपवित्रता का दाग है तबतक न तो वह सम्पूर्ण हो सकता है और न ही आसुरी संस्कारों से अपनी रक्षा कर सकता है।आत्मा की असली ताकत उसकी पवित्रता है।इसलिए पवित्रता के सागर परमपिता परमात्मा शिव के मास में इस पर्व की महता का वर्णन है !

राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारः



# कमल हासन ने शाहरुख को नेशनल अवॉर्ड मिलने पर दी बधाई



बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान को उनके करियर का पहला नेशनल अवॉर्ड शुक्रवार को मिला। शनिवार को एक्टर और राजनेता कमल हासन ने उन्हें बधाई दी और कहा कि वर्ल्ड सिनेमा पर उनका जो प्रभाव रहा है, उसे देखते हुए यह अवॉर्ड उन्हें बहुत देरी से मिला। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जवान के लिए नेशनल अवॉर्ड मिलने के लिए बधाई शाहरुख खान, इस पहचान की आपको लंबे समय से दरकार थी, जिस तरह से आपका विश्व सिनेमा में प्रभाव रहा है। इसके बाद उन्होंने विधु विनोद चोपड़ा और एक्टर विक्रांत मैसी को भी 12वीं फेल के लिए बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, 12वीं फेल एक मास्टरपीस थी, जिसने मुझे अंदर तक प्रभावित किया। इसने संघर्ष की कीमत बताई और लाखों लोगों को प्रेरित किया। बधाई हो विधु विनोद चोपड़ा और विक्रांत मैसी इस सम्मान के लिए, जिसके आप हकदार थे। एक्टर ने रानी मुखर्जी को भी सराहा, जिन्हें बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला। उन्हें ये अवॉर्ड 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' के लिए मिला। उनके बारे में कमल हासन ने लिखा, ऐसा किरदार जो बहुत ही ज्वलंत और नाजुक भी था, उसके लिए आपको राष्ट्रीय स्तर पर पहचाना जाना चाहिए ही था। एक्टर ने तमिल फिल्म पार्किंग को भी बधाई दी, जिसने तीन अवॉर्ड जीते।

# सैम बहादुर को तीन सम्मान मिलने पर फातिमा सना शेख गदगद

**अभिनेत्री** फातिमा सना शेख, जो अपनी दमदार भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं, 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में अपनी फिल्म सैम बहादुर को मिली सफलता से बेहद उत्साहित हैं। इस फिल्म ने तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते हैं - राष्ट्रीय, सामाजिक और



पर्यावरणीय मूल्यों पर आधारित सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म, सर्वश्रेष्ठ मेकअप और सर्वश्रेष्ठ कॉस्ट्यूम डिज़ाइन। इस बड़ी उपलब्धि पर फातिमा ने पूरी टीम को बधाई दी और इस यादगार सफर का हिस्सा बनने पर खुशी जाहिर की। फातिमा ने एक भावुक बयान में कहा, सैम बहादुर की टीम को तीन शानदार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीतने पर ढेरों बधाई!! यह वास्तव में मेरे लिए एक गर्व का क्षण है। इस फिल्म का हिस्सा बनकर और श्रीमती इंदिरा गांधी का किरदार निभाकर मैं बेहद खुश हूं। उन्होंने फिल्म की निर्देशक मेघना गुलज़ार की भी सराहना करते हुए कहा, मेघना गुलज़ार के साथ काम करना एक सपना सच होने जैसा था, और यह मेरे लिए एक बेहद खास अनुभव रहा। मेघना गुलज़ार द्वारा निर्देशित सैम बहादुर भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन पर आधारित है। फातिमा ने इस फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई थी। उनके सशक्त और विश्वसनीय अभिनय को दर्शकों और समीक्षकों दोनों से खूब सराहना मिली थी, जिसने एक बार फिर उनकी अभिनय क्षमता और बहुमुखी प्रतिभा को साबित किया।

# द केरल स्टोरी को नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिलने पर खुश सुदीप्तो



राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का शुक्रवार को एलान किया गया। द केरल स्टोरी की झोली में दो अवॉर्ड आए हैं। फिल्म को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफी अवॉर्ड मिला है। इस पर सुदीप्तो सेन ने प्रतिक्रिया दी है। 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सुदीप्तो सेन के निर्देशन में बनी फिल्म द केरल स्टोरी को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफी पुरस्कार मिला है। साल 2023 में आई इस फिल्म में अदा शर्मा ने लीड रोल किया था। फिल्म को मिले राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार पर सुदीप्तो सेन ने प्रतिक्रिया दी है और यह अवॉर्ड केरल की लड़कियों को समर्पित किया है।



## 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' में

# खलनायिका की भूमिका निभाएंगी शीतल मौलिक

**जानी-मानी** टेलीविजन अभिनेत्री शीतल मौलिक ने प्रेम कहानी पर आधारित शो 'मेरी भव्य लाइफ' को अलविदा कह दिया है और अब वह 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' शो की टीम में शामिल हो चुकी हैं। 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' शो में अभिनेत्री नकारात्मक किरदार में नजर आएंगी। 'मेरी भव्य लाइफ' में पृषा धतवालिया और करण वोहरा मुख्य भूमिकाओं में थे। शीतल ने इस शो में प्रिया का किरदार निभाया था, जिसे वह अपने करियर का एक महत्वपूर्ण अनुभव मानती हैं। हालांकि, शो और अपने किरदार को लेकर उनका मानना है कि यह उनकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा।



शीतल ने बताया, प्रिया का किरदार निभाना मेरे लिए एक खास अनुभव था, लेकिन मुझे किरदार में वह गहराई नहीं मिली, जिसकी मैं अपेक्षा कर रही थी। फिर भी इस शो के दौरान मुझे कुछ शानदार लोगों से मिलने और उनके साथ गहरे रिश्ते बनाने का मौका मिला, जो मेरे लिए परिवार की तरह बन गए। ये रिश्ते मेरे लिए इस अनुभव का सबसे मूल्यवान हिस्सा हैं। अब शीतल 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' में अंबिका की भूमिका में नजर आएंगी। शीतल ने बताया, अंबिका का किरदार बहुत दिलचस्प है। वह बाहर से मीठी दिखती है, लेकिन अंदर से थोड़ी चालाक भी है। यह एक मुश्किल भरा, लेकिन मजेदार किरदार है, जो परिवार में अपनी चतुराई से सभी का ध्यान खींचता है और बड़ों का सम्मान हासिल करता है। मैं इस किरदार की गहराई को दिखाने के लिए उत्साहित हूं।

उन्होंने कहा, किसी का स्थान लेना मेरे लिए पहला अनुभव है। मैं क्रू, कास्ट, डायरेक्टर और क्रिएटिव्स की धैर्य और सहायता की सराहना करती हूं। अंबिका का किरदार निभाना और उसकी बारीकियों को समझना मेरे लिए खास अनुभव रहा। मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि अंबिका की कहानी आगे कैसे बढ़ती है।

## हिना की भी पति रॉकी के साथ होती है

# नोकझोंक



फेमस एक्ट्रेस हिना ने पति रॉकी जायसवाल के साथ अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि वे कैसे पति के साथ होने वाली असहमति और नोकझोंक को हैंडल करती हैं। हिना खान ने इंटरव्यू में खुलासा किया कि दोनों के बीच की समझदारी और शांत बातचीत उनके रिश्ते को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब उनसे पूछा गया कि वो अपने पति के साथ होने वाली असहमतियों को कैसे हैंडल करती हैं। इस पर उन्होंने कहा, शांत रहना और खुलकर बात करना। इसके जरिए ही हम हमारे बीच के मतभेदों को आसानी से सुलझा लेते हैं। ईमानदारी से कहें तो हम बहुत कम ही लड़ते हैं, शायद साल में कभी एक बार। हंसते हुए उन्होंने ये भी कहा कि जब ऐसा होता है तो मैं उन्हें तगड़ी खुराक देती हूं। वहीं रॉकी ने कहा- और मैं बात करके जल्द से जल्द मामले को सुलझाने में यकीन करता हूं। शादी के बाद उनकी जिंदगी में क्या बदलाव आए इस पर बात करते हुए ये रिश्ता क्या कहलाता है एक्ट्रेस ने कहा, सच बताऊं तो हमारे बीच कुछ भी नहीं बदला है। सब कुछ वैसा ही है। सिर्फ एक ही बदलाव आया है वो ये कि अब हम एक-दूसरे को पति-पत्नी के रूप में अपना परिचय देते हैं। पहले मैं बस इतना ही कहती थी कि मिलिए मेरे पार्टनर से या मिलिए रॉकी से। अब ये हो गया है मिलिए मेरे पति से और मिलिए मेरी पत्नी से। हिना खान ने पति पत्नी और पंगा रियलिटी शो में रॉकी के साथ हिस्सा लेने पर भी बात की।

## फिर उठ खड़ा हुआ कुंदन

# थिएटर से वायरल हुआ AI जनरेटेड रांझणा का क्लाइमैक्स सीन



फिल्म 'रांझणा' की एंडिंग को एआई की मदद से बदल दिया गया। 12 साल बाद इस नई एंडिंग के साथ फिल्म को री-रिलीज किया गया। इस एंडिंग पर थिएटर्स से दर्शकों की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। 12 साल पहले साउथ स्टार धनुष की हिंदी फिल्म 'रांझणा' को दर्शकों का खूब प्यार मिला। धनुष स्टारर और आनंद एल रॉय निर्देशित इस फिल्म को 21 जून को री-रिलीज किया गया लेकिन इसका अंत एआई की मदद से बदल दिया गया। फिल्म के नए वर्जन में कुंदन यानी धनुष का किरदार मरता नहीं है। इसी नई एंडिंग के साथ एक वीडियो साउथ के थिएटर वायरल हो रहा है। जिसमें दर्शक फिल्म के नई एंडिंग पर रिएक्शन दे रहे हैं।

### कुंदन के जिंदा होने पर खुशी से झूम उठे दर्शक

सोशल मीडिया पर जो वीडियो 'रांझणा' की नई एंडिंग के साथ वायरल हो रहा है, उसमें कुंदन फिल्म में मरता नहीं है। वह हॉस्पिटल के बैड पर आंखें खोलता है, उठ खड़ा होता है। उसके दोस्त बिंदिया (स्वरा भास्कर) और मुरारी (जीशान अयूब) खुश होते हैं। इसके बाद बनारस की गलियों में बड़ा और छोटा कुंदन दिखाए जाते हैं और फिल्म खत्म हो जाती है। इस नई एंडिंग को देखकर दर्शक थिएटर में सीटी बजाते हैं, फोन की लाइट्स चमकाते हुए नजर आते हैं।

# Bigg Boss-19: Salman Khan के घर में एंट्री मारेगी साउथ की ये हसीना?



सलमान खान के शो बिग बॉस 19 का काउनडाउन शुरू हो चुका है. मेकर्स तेजी से इस समय बिग बॉस 19 पर काम कर रहे हैं. ऐसे में सितारों का नाम लगातार बिग बॉस 19 से जोड़ा जा रहा है. इसी बीच साउथ की एक हसीना है जिसने बिग बॉस 19 को लेकर चुप्पी तोड़ दी है. इस हसीना ने बताया है कि क्या वो बिग बॉस 19 का हिस्सा बनने वाली हैं. यहां हम बात कर रहे हैं साउथ एक्ट्रेस मालवी मल्होत्रा की जो कि जल्द ही फिल्म जेनमा नक्षत्रम में नजर आने वाली हैं. ये फिल्म पहले ही तमिल सिनेमा में धमाल मचा रही है. जल्द ही इस फिल्म का हिंदी वर्जन फैंस का मनोरंजन करेगा. बॉलीवुड लाइफ हिंदी से बात करते हुए मालवी मल्होत्रा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं बिग बॉस में जा पाऊंगी. फिलहाल मैं कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हूं. इसके अलावा शो का फॉर्मेट मेरी पर्सनैलिटी को सूट नहीं करता. मैं शायद शो में परफॉर्म नहीं कर पाऊंगी, आने वाले समय में अगर मुझे बिग बॉस का ऑफर मिला तो मैं एक बार जरूर सोचूंगी.

### अपनी फिल्म को लेकर मालवी मल्होत्रा ने तोड़ी चुप्पी

अपनी फिल्म के बारे में बात करते हुए मालवी ने कहा, ये एक हॉरर थ्रिलर फिल्म है जिसकी शूटिंग काफी चैलेंजिग थी. हम लोग रात में शूट करते थे. ऐसे में मेरा पूरा रुटीन बिगड़ गया था. हालांकि शूटिंग के दौरान मुझे कभी डर नहीं लगा. फिल्म के एक सीन में तो कुछ ऐसा हुआ था जिसे देखकर मैं भी घबरा गई थी. फिल्म में एक डॉग का रोल भी है जो कि लोगों का काफी पसंद आएगा. आप थिएटर में बैठकर अंदाजा ही हीं लगा पाएंगे कि कहानी में आगे क्या होने वाला है.

मालवी मल्होत्रा ने इस दौरान बताया कि बॉलीवुड और साउथ में क्या अंतर है. मालवी मल्होत्रा ने कहा, बॉलीवुड में नए लोगों को काम मिलना इतना आसान नहीं होता. हालांकि साउथ इंडस्ट्री में ऐसा नहीं है. वहां पर आप आसानी से किसी बड़े डायरेक्टर से मुलाकत कर सकते हैं. यहां पर आपको काम भी आसानी से मिल जाता है. बॉलीवुड में आप किसी डायरेक्टर के ऑफिस जाने के बारे में नहीं सोच सकते. साउथ इंडस्ट्री में आपकी हर कोई इज्जत करता है.



# अजय देवगन की एक्टिंग के कायल हुए सुनील शेट्टी

**बॉलीवुड** अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार था। फिल्म को सोशल मीडिया पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। फिल्म में अजय देवगन और मृणाल ठाकुर की केमिस्ट्री नेटिजंस पसंद कर रहे हैं। एक्टर सुनील शेट्टी ने सन ऑफ सरदार 2 देखने के बाद फिल्म को लेकर अपनी राय दी है। आइए जानते हैं क्या बोले अभिनेता।

सुनील शेट्टी ने अपने एक्स अकाउंट पर एक ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने अपने बेटे अहान शेट्टी और अजय देवगन के साथ एक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही अभिनेता ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा कि उन्होंने अहान और अजय देवगन के साथ सन ऑफ सरदार 2 देखी। ये फिल्म हंसी का जोरदार धमाका है और उन्होंने अजय देवगन की एक्टिंग की तारीफ की। इसके अलावा सुनील शेट्टी ने कहा कि यह फिल्म हर पीढ़ी को हंसा सकती है। अजय देवगन की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा ने किया है। इसके निर्माता अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, एन. आर. पचिसिया और प्रवीन टालरेजा हैं। फिल्म में अजय देवगन के अलावा मृणाल ठाकुर, कुबरा सैत, दीपक डोबरियाल, रवि किशन और विंदु दारा सिंह मुख्य भूमिका में हैं।

# न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को पारी और 359 रन से हराया, टेस्ट इतिहास की तीसरी सबसे बड़ी जीत

एजेंसी

**बुलावायो :** न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को पारी और 359 रन से रौंदते हुए टेस्ट क्रिकेट इतिहास की तीसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की और तीन दिन के भीतर ही 2-0 से सीरीज अपने नाम कर ली। जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन टीम महज 125 रन पर सिमट गई। जवाब में न्यूजीलैंड ने डेवोन कॉनवे (153), हेनरी निकोल्स (नाबाद 150) और रचिन रविन्द्र (नाबाद 165) की



दमदार पारियों की बदौलत 3 विकेट पर 601 रन बनाकर पारी घोषित की। दूसरी पारी में भी जिम्बाब्वे का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और पूरी टीम 117 रन पर ढेर हो गई। यह न्यूजीलैंड की टेस्ट इतिहास में सबसे बड़ी जीत है, जिसने 2012 में इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ नेपियर में दर्ज पारी और 301 रन की जीत को पीछे छोड़ दिया। न्यूजीलैंड के डेब्यू गेंदबाज जैकरी फॉल्कर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच में कुल 7 विकेट (59 रन देकर) झटके, जिसमें दूसरी पारी में 5 विकेट शामिल थे।

टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी पारी से जीतें

पारी और 579 रन झ इंग्लैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया, द ओवल, 1938

पारी और 360 रन झ ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका, जोहान्सबर्ग, 2002

पारी और 359 रन झ न्यूजीलैंड बनाम जिम्बाब्वे, बुलावायो, 2025

# एशियन सर्फिंग चैम्पियनशिप में पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचे भारत के रमेश बुढ़िहाल और किशोर कुमार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय सर्फरों ने एशियन सर्फिंग चैम्पियनशिप में इतिहास रच दिया है। शनिवार को रमेश बुढ़िहाल और किशोर कुमार ओपन मेन्स कैटेगरी के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए। दिन के पहले हीट में उतरे बुढ़िहाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 14.84 अंक हासिल किए और फिलीपींस के नील सांचेज (12.80) को पीछे छोड़ दिया। अपनी जीत के बाद बुढ़िहाल ने कहा, ह्यही वह पल है जिसका हम इंतजार कर रहे थे। सुबह मैंने कुछ लहरों पर अभ्यास किया था और सोचा था कि हीट में भी यही करना है। यह हमारे लिए गर्व का पल है। पिछले साल मालदीव में हुई चैम्पियनशिप में हिस्सा न ले पाने का अफसोस जताते हुए उन्होंने कहा, ह्अगर मुझे पिछले साल मौका मिलता तो शायद मैं और अच्छा कर पाता। लेकिन इस बार मैं पूरी तरह से इसका फायदा उठा रहा हूं। वहीं, दिन के आखिरी हीट में किशोर कुमार ने संतुलित खेल दिखाते हुए 10.50 अंक लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। वह फिलीपींस के एडुआर्डो अल्सिसो (12.03) से पीछे रहे। पिछले साल किशोर ने अंडर-18 कैटेगरी में देश का प्रतिनिधित्व किया था और उस उम्र वर्ग में सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने थे। टॉप-2 खिलाड़ी ही सेमीफाइनल में जगह बना पाए, जिसमें भारत के दो खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं, हीट-3 में श्रीकांत डी 10.90 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे और मामूली अंतर से सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गए।

# छत्तीसगढ़ की बहनों की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री साय

**एजेंसी**

**रायपुर :** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के गृहग्राम बगिया से जशपुर एक्सप्रेस का शुभारंभ किया और बिहान योजना से जुड़ी 12 दीदियों को राखी के उपहार स्वरूप ई-रिक्शा प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने स्वयं स्व-सहायता समूह की महिला गिलसोनिका पाण्डे के ई-रिक्शा में बैठकर बगिया निवास परिसर की यात्रा की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह ई-रिक्शा न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि इसकी परिचालन लागत भी कम है। इससे महिलाएं स्थानीय परिवहन सेवाओं में अपनी भागीदारी निभाते हुए आत्मनिर्भर बनेंगी और अपने परिवार की आवश्यकताओं को



बेहतर ढंग से पूरा कर सकेंगी। उन्होंने रक्षाबंधन की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी सरकार छत्तीसगढ़ की सभी बहनों की सुरक्षा और सहयोग के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। स्व-सहायता समूह की बहनों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए ही यह ई-रिक्शा वितरण किया गया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि उनकी सरकार मोदी की गारंटी को तेजी से लागू कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत 18 लाख आवास का कार्य तीव्र गति से पूरा किया जा रहा है। इसके साथ ही आवास प्लस प्लस योजना के अंतर्गत 5 एकड़ असिंचित भूमि, 2.50 एकड़ सिंचित भूमि, टू-व्हीलर और 15 हजार रुपये मासिक आमदनी वाले पात्र परिवारों को भी लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से 70 लाख बहनों को प्रति माह 1000 रुपये दिए जा रहे हैं। तेंदूपत्ता संग्राहकों की आय बढ़ाने के लिए तेंदूपत्ता का समर्थन मूल्य 5500 रुपये प्रति मानक बोरा किया गया है। गांवों में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अटल डिजिटल सुविधा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिन्हें आगामी पंचायत दिवस पर सभी ग्राम पंचायतों में शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम नागरिकों की सुविधा के लिए रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियों के तहत पंजीयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल, डिजिटल और नागरिक-केंद्रित बनाया गया है। दूरस्थ एवं पहुंचविहीन क्षेत्रों में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत बस सेवाएं प्रारंभ की गई हैं। उन्होंने बताया कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए मेडिकल कॉलेज, प्राकृतिक चिकित्सा एवं फिजियोथेरेपी केंद्र, शासकीय नर्सिंग कॉलेज और शासकीय फिजियोथेरेपी कॉलेज खोले जाएंगे। कार्यक्रम में बताया गया कि ई-रिक्शा का संचालन जिले के विभिन्न रूट्स पर महिला संचालकों द्वारा किया जाएगा। फरसाबहार में प्रतिमा भगत फरसाबहार- कन्दईबहार- अमडीहा- तपकरा मार्ग पर, मदनावती लवाकेरा- अमडीहा- पुराईनबंध- समडमा- तपकरा मार्ग पर, राजकुमारी पैंकरा तपकरा- कन्दईबहार- तुबा- फरसाबहार मार्ग पर और उर्मिला भगत खुटगांव- सिंगीबहार- साजबहार- तपकरा मार्ग पर परिचालन करेंगी। इसी तरह, दुलदुला में बिंदेश्वरी देवी कोसा- दुलदुला- विपतपुर- छेरडांड मार्ग पर, पार्वती साय कोसा- दुलदुला- पतराटोली- लोरो- बम्हनी मार्ग पर, संगीता देवी छेरडांड- लोरो- बम्हनी- कस्तुरा मार्ग पर और बिमला देवी छेरडांड- दुलदुला- लोरो- पतराटोली मार्ग पर परिचालन करेंगी। कांसाबेल में गिलसोनिका पाण्डे टांगरगांव- हथगड़ा- कांसाबेल मार्ग पर, तियासो पैंकरा बांसबहार- दोकड़ा- पुसरा- खुंटीटोली- कांसाबेल मार्ग पर, नीता रवानी कटंगखार- दोकड़ा- बन्दरचुंआ- कांसाबेल मार्ग पर और अंगावती बाई देवरी- दोकड़ा- छाताबर- कांसाबेल मार्ग पर ई-रिक्शा का परिचालन करेंगी। इस

# राजस्थान में मॉनसून सक्रिय, कई जिलों में बारिश का येलो अलर्ट

**एजेंसी**

**जयपुर :** राजस्थान में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र, जयपुर ने आगामी तीन दिनों के लिए 10 जिलों अलवर, बारां, भरतपुर, दौसा, धौलपुर, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, सवाई माधोपुर और चूरू में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में कहीं भारी तो कहीं मध्यम वर्षा के साथ मेघगर्जन, आकाशीय बिजली और 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। पिछले 24 घंटों में भरतपुर के नगर क्षेत्र में 35 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वहीं, सीकरी में 17 मिमी, जुहरेरा में 15 मिमी, कामां में 5 मिमी, धौलपुर के राजाखेड़ा में 2 मिमी, अलवर के टपूकड़ा में 6 मिमी, कोटकासिम में 5 मिमी, तिजारा में 7 मिमी और



नीमराणा में 3 मिमी बारिश हुई। जयपुर में भी शनिवार दोपहर बाद कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। कनोता, बस्सी, ट्रांसपोर्ट नगर, जवाहर नगर, जगतपुरा, सांगानेर, टोंक रोड, जेएलएन मार्ग सहित कई क्षेत्रों में बरसात हुई। जयपुर शहर में 7.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वहीं पश्चिमी राजस्थान में फिलहाल बारिश का अभाव और गर्मी का असर बना हुआ है। हालांकि 11 अगस्त से पश्चिमी राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में भी मौसम बदलने के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बंगाल की खाड़ी से सक्रिय सिस्टम लगातार आगे बढ़ रहा है, जिससे राज्य के झुंझुनूं, चूरू, सीकर, जयपुर, दौसा, अलवर, करौली, बारां, कोटा, झालावाड़ और चित्तौड़गढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ वर्षा और तेज हवाएं चल सकती हैं

# ट्रंप प्रशासन ने पर्यावरण एजेंसी में यूनियन कर्मचारियों का अनुबंध समाप्त किया

**एजेंसी**

**वॉशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में संघीय कर्मचारियों के सामूहिक सौदेबाजी (कलेक्टिव बार्गेनिंग) अधिकारों को सीमित करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (ईपीए) ने अपने यूनियनकृत कर्मचारियों के साथ अनुबंध समाप्त कर दिया है। यह जानकारी एजेंसी के कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन के अध्यक्ष जस्टिन चेन ने बयान जारी कर दी। अमेरिकन फेडरेशन ऑफ गवर्नमेंट एम्प्लॉइज (एएफजीई) का ईपीए चैप्टर लगभग 8,000 कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करता है और उसने इस फैसले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। विशेषज्ञों के अनुसार, यूनियन समझौते खत्म करने से एजेंसियों के लिए कर्मचारियों को अनुशासित करना या नौकरी से निकालना आसान हो जाएगा। ईपीए प्रवक्ता ने बयान में कहा कि एजेंसी राष्ट्रपति ट्रंप के



मार्च में जारी उस कार्यकारी आदेश को लागू कर रही है, जिसमें ह्लसंघीय श्रम-प्रबंधन संबंध कार्यक्रमों से छूटह्व शामिल है। यह आदेश 30 से अधिक संघीय एजेंसियों में सामूहिक सौदेबाजी अधिकार समाप्त करने से जुड़ा है और वर्तमान में अदालत में चुनौती के दौर से गुजर रहा है। मार्च 2025 तक ईपीए में 16,000 से अधिक कर्मचारी थे, जिनमें स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति या बायआउट लेने वाले शामिल नहीं हैं। जुलाई में एजेंसी ने घोषणा की थी कि वह अपने कर्मचारियों की संख्या में कम से कम 23 प्रतिशत की कटौती करेगी और वैज्ञानिक अनुसंधान कार्यालय को बंद करेगी। यह कदम संघीय सरकार के आकार को घटाने की व्यापक योजना का हिस्सा है। इस फैसले के खिलाफ कई यूनियनें मुकदमा लड़ रही हैं। एक अगस्त को एक संघीय अपील अदालत ने प्रशासन को कुछ संघीय एजेंसियों को यूनियन के साथ बातचीत करने की अनिवार्यता से छूट देने की अनुमति दे दी। एएफजीई, जो ईपीए कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करता है, इस मुकदमे में प्रमुख वादी है।

# संघ प्रमुख मोहन भागवत आज इंदौर में सद्भाव का देंगे संदेश, कैंसर अस्पताल का करेंगे उद्घाटन

**एजेंसी**

**इंदौर :** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत आज (रविवार) इंदौर में दो प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वे यहां सुबह 9 बजे से शाम पांच बजे तक स्कीम नंबर 78 स्थित ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित मालवा प्रांत की सद्भाव बैठक में पंच प्रण विषयों पर आमंत्रित प्रबुद्धजनों से संवाद करेंगे और सद्भावना का संदेश देंगे। इसके बाद वे शाम 5 बजे से 7 बजे श्री गुरुजी सेवा न्यास के प्रकल्प माधव सृष्टि आरोग्य केंद्र के कैंसर अस्पताल के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। सरसंघचालक डॉ. भागवत शनिवार रात इंदौर पहुंच गए थे। यहां रामबाग क्षेत्र में पंतवैध कालोनी स्थित संघ कार्यालय सुदर्शन में उनका रात्रि विश्राम हुआ। मालवा प्रांत द्वारा



सरसंघचालक डॉ भागवत की उपस्थिति में आज इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में पंच परिवर्तन संघ शताब्दी वर्ष अंतर्गत नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता सहित स्व का बोध कराने के लिए सामाजिक सद्भाव बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में इंदौर और उज्जैन संभागों के 15 जिलों के 300 प्रतिनिधि शामिल होंगे। डॉ भागवत इस बैठक में पंच परिवर्तन स्वदेशी जीवन शैली, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, नागरिक अनुशासन तथा समरसता जैसे विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। समाज के कार्यकर्ता भी इन विषयों पर अपने कार्यों का विवरण प्रस्तुत करेंगे। मालवा प्रांत के सामाजिक सद्भाव के संयोजक दिनेश गुप्ता ने बताया कि सद्भाव बैठक तीन सत्र में होंगी। इसमें हर एक सत्र 90 मिनट का रहेगा। पहले सत्र में चयनित वर्ग के अपने कार्यों का लेखा-जोखा रखेंगे। साथ ही इसके प्रभाव की जानकारी भी साझा की जाएगी। दूसरा सत्र भोजन के बाद होगा। इसके लिए प्रतिनिधियों की बैठक व्यवस्था संघ के विभाग के अनुसार रखी गई। इसका उद्देश्य आपसी समन्वय व संवाद एक-दूसरे से परिचय बढ़ाना है। अंतिम सत्र में सरसंघचालक का उद्बोधन होगा। इसमें वे पंच परिवर्तन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए स्व के जागरण पर संबोधित करेंगे। साथ ही अगामी कार्य योजना को भी अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक के बाद सरसंघाचलक डॉ. भागवत इंदौर में 96 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे श्री गुरुजी सेवा न्यास माधव सृष्टि के कैंसर केयर सेंटर का उद्घाटन करेंगे। यह प्रोजेक्ट दो चरणों में तैयार किया जा रहा है। पहले चरण में लगभग 26 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। इसमें दो बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और तीन मंजिलों का निर्माण शामिल है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भुजरिया पर्व पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं,



**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भुजरिया पर्व की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। इसके साथ ही उन्होंने सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने शुभकामना संदेश में लिखा स्नेह एवं समरसता के पर्व भुजरिया (कजरिया) की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। हमारी लोक संस्कृति की अनमोल धरोहर, यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली प्रदान करे, यही प्रार्थना है। बता दें कि रक्षाबंधन के अगले दिन भाद्रपद महीने की प्रतिपदा को भुजरिया पर्व मनाया जाता है। इसे कजलिया पर्व भी कहते हैं। इस साल आज यानी कि 10 अगस्त को भुजरिया पर्व मनाया जा रहा है। इस दिन लोग एक-दूसरे से मिलकर गेहूं की भुजरिया देते हैं और उन्?हें भुजरिया पर्व की शुभकामनाएं देते हैं। यह पर्व अच्?छी बारिश होने, फसल होने, जीवन में खूब सुख-समृद्धि आने की कामना के साथ मनाया जाता है। यह पर्व बुंदेलखंड में सबसे ज्?यादा धूमधाम से मनाया जाता है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज मप्र के प्रवास पर, रेल कोच फैक्ट्री का करेंगे भूमिपूजन

– 1800 करोड़ की लागत से बनेगी रेल हब फॉर मैन्युफैक्चरिंग इकाई, 5 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

**एजेंसी**

**भोपाल :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज (रविवार को) को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय पर आ रहे हैं। वे यहां रायसेन जिले में बनने वाली रेल कोच फैक्ट्री का भूमिपूजन करेंगे। औबेदुल्लागंज के दशहरा मैदान में आयोजित भूमि-पूजन कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, रक्षा उत्पाद सचिव संजीव कुमार, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार, भारत अर्थ



मूवर्स परियोजना के अध्यक्ष शांतनु राय शामिल होंगे। इस अवसर पर बीईएलएल (भारत अर्थ मूवर्स लि.) परियोजना पर केन्द्रित लघु फिल्म, प्रस्तावित प्लांट का 3डी वॉक थ्रू और नए संयंत्रों के मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि भारत अर्थ मूवर्स परियोजना द्वारा भोपाल जिले की सीमा के पास रायसेन के ग्राम उमरिया में 60 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर 1800 करोड़ रुपये की लागत से ब्रह्मा परियोजना (बीईएमएल रेल हब फॉर मैन्युफैक्चरिंग) का निर्माण होगा। इस परियोजना से भोपाल, रायसेन, सीहोर और विदिशा आदि जिलों को लाभ होगा। इन जिलों के तकनीकी संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। परियोजना में पांच हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त होगा। यहां वंदे भारत-अमृत भारत और मेट्रो ट्रेनों के कोचों का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री ने रेल कोच फैक्ट्री को प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में औद्योगिक विकास की नई इबारत लिखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में मध्य प्रदेश सहित भारत के अन्य राज्यों के निवदेशकों को आमंत्रित किया जा रहा है। इस क्रम में कुछ माह पूर्व बैंगलोर में बीईएमएल संस्थान के भ्रमण के दौरान रायसेन जिले में रेल कोच फैक्ट्री की स्थापना के संबंध में निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि ह्यब्राह्माह्न संयंत्र पूरी तरह ह्यमेक इन इंडियाह्न और ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न के उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करेगा। संयंत्र में उपयोग होने वाली अधिकांश तकनीक और सामग्री देश में विकसित व निर्मित की जाएगी, जिससे विदेशी निर्भरता कम होगी। इस संयंत्र के निर्माण में पर्यावरणीय मानकों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। यहां शून्य तरल अपशिष्ट प्रणाली, सौर एवं नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग, वर्षा जल संचयन और हरित लैंडस्केपिंग को अपनाया जाएगा। निर्माण में पुनर्नवीनीकृत और टिकाऊ सामग्री का प्रयोग करते हुए इसे हरित फैक्ट्री मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। परियोजना का प्रारंभिक उत्पादन क्षमता 125 से 200 कोच प्रतिवर्ष होगी, जिसे पांच वर्षों में बढ़ाकर 1100 कोच प्रतिवर्ष किया जाएगा।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई को पुण्यतिथि और भारत रत्न वीवी गिरि को जयंती पर किया नमन

भोपाल : व्यंग्य के सशक्त हस्ताक्षर, तीखे व्यंग्यों के द्वारा चुटीले अंदाज में व्यवस्था की खामियों और आम जन के दर्द को अभिव्यक्ति देने वाले प्रसिद्ध व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई की आज (रविवार को) पुण्यतिथि है। इसके साथ ही पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न वी. वी. गिरि की आज ही के दिन जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दोनों महान विभूतियों को स्मरण कर विनम्र नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरिशंकर परसाई को पुण्यतिथि पर नमन करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा मध्यप्रदेश के गौरव, हिन्दी के प्रसिद्ध व्यंग्यकार श्रद्धेय हरिशंकर परसाई जी की पुण्यतिथि पर सादर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। देश, समाज सहित समसामयिक विषयों पर उनके व्यंग्यबाण हास्य के साथ उस सत्य से सामना कराते, जो सहज अभिव्यक्ति के लिए चुनौतीपूर्ण होते थे। उनकी कृतियां साहित्य ही नहीं, बल्कि देश की अमूल्य धरोहर हैं। एक अन्य संदेश में उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति वीवी गिरी को जयंती पर याद करते हुए कहा स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न श्रद्धेय वी. वी. गिरि जी की जयंती पर सादर नमन करता हूं। देश की प्रगति के लिए उनका समर्पण अविस्मरणीय रहेगा।

### मिलाया रामदेव सागर में डूबने से दो बच्चों की हुई मौत

उदयपुर : राजसमंद जिले के देवगढ़ उपखंड के मियाला गांव में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर उस वक्त मातम छा गया, जब रामदेव सागर बांध में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। गांव में जहां सुबह से पर्व की खुशियां थीं, वहीं दोपहर बाद मिली इस दुखद खबर ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया।

देवगढ़ थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि मियाला निवासी विशाल पुत्र किसनलाल भांड और श्रवण सिंह पुत्र लाडू सिंह अपनी बकरियां चराने गए थे। दोपहर करीब 2 बजे दोनों रामदेव सागर बांध में नहाने गए। इस दौरान एक बच्चे का पैर फिसल गया और वह डूबने लगा। दूसरे बच्चे ने उसे बेल्ट डालकर बचाने की कोशिश की, लेकिन दुर्भाग्यवश दोनों ही गहरे पानी में चले गए। घटना का पता तब चला जब ग्रामीणों ने बांध के पास उनके कपड़े और चप्पलें देखीं। सूचना मिलते ही देवगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों शवों को बाहर निकाला। इस दुखद घटना से पूरा गांव सन्न रह गया। जिन बहनों को अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधनी थी, उन्हें उनकी मौत की खबर मिली।

### स्पेसएक्स कैप्सूल से चार अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित पृथ्वी पर लौटे

वॉशिंगटन : लगभग पांच महीने तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर वैज्ञानिक शोध करने के बाद चार सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय दल शनिवार, 9 अगस्त को सफलतापूर्वक पृथ्वी पर लौट आया। यह वापसी स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल के माध्यम से कैलिफोर्निया तट के पास समुद्र में उतरने के साथ हुई। इस दल में अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री ऐन मैकलेन और निकोल एयर्स, जापान के ताकुया ओनिशी और रूसी कॉस्मोनॉट किरील पेस्कोव शामिल रहे। यह नासा के कमर्शियल क्रू प्रोग्राम के तहत आईएसएस के लिए 10वें दल परिवर्तन मिशन का समापन था, जिसे स्पेस शटल युग के बाद निजी कंपनियों के साथ साझेदारी में आगे बढ़ाया जा रहा है। ड्रैगन कैप्सूल 08 अगस्त को 2215 जीएमटी (भारत समयानुसार 9 अगस्त सुबह 6:15 बजे) पर आईएसएस से अलग हुआ और लगभग 17 घंटे की यात्रा के बाद पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया। विशाल पैराशूट के सहारे इसकी गति को नियंत्रित किया गया और समुद्र में उतरने के बाद स्पेसएक्स के जहाज ने इसे बरामद कर लिया। क्रू-10ह्न नामक इस टीम ने अंतरिक्ष में पौधों की वृद्धि और गुरुत्वाकर्षण में कोशिकाओं की प्रतिक्रिया जैसे कई वैज्ञानिक प्रयोग किए। उनका मिशन मार्च में शुरू हुआ था, जिससे पहले से आईएसएस पर फंसे दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री अपने देश लौट सके। उल्लेखनीय है कि जून 2024 में बोइंग स्टारलाइनर के पहले मानवयुक्त परीक्षण उड़ान पर गए बट्च विलमोर और सुनीता विलियम्स केवल आठ दिन के मिशन पर थे, लेकिन तकनीकी खामियों के कारण वे नौ महीने तक आईएसएस पर ही फंसे रहे। हाल ही में नासा ने घोषणा की कि 25 वर्षों की सेवा के बाद बट्च विलमोर ने सेवानिवृत्ति का निर्णय लिया है। इसी सप्ताह अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री जीना कार्डमैन और माइक फिन्के, जापान के किमिया युई और रूसी कॉस्मोनॉट ओलेग प्लेटोनोव एक नए छह महीने के मिशन के लिए आईएसएस पहुंचे हैं।

### सोशल मीडिया पर फर्जी पोस्ट के खिलाफ पूर्व मंत्री वीरेंद्र की शिकायत

ऊना : हिमाचल प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ की जा रही फर्जी, भ्रामक और अभद्र टिप्पणियों के मामले में पुलिस थाना बंगाणा में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया है कि कुछ लोग, जो उनकी उपलब्धियों से ईर्ष्या रखते हैं, उनकी छवि को धूमिल करने की नीयत से सोशल मीडिया पर गलत और आपत्तिजनक सामग्री फैला रहे हैं।पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने अपनी शिकायत में बताया कि वह ग्राम व पोस्ट ऑफिस थाना कलां, तहसील बंगाणा, जिला ऊना के स्थायी निवासी हैं और उन्होंने लगातार चार बार कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। वे 2007 से 2012 तक मुख्य संसदीय सचिव और 2017 से 2022 तक हिमाचल सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे हैं। वर्तमान में वह वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि उनकी यह उपलब्धियां कठिन परिश्रम और लगन का परिणाम हैं, जिसके चलते उन्हें समाज में सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है। शिकायत में कहा गया है कि उनकी पहचान न केवल हिमाचल प्रदेश में बल्कि पूरे देश में है और जनता के बीच उनका अच्छा खासा जनसंपर्क है। ऐसे में कुछ शरारती तत्व उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने के इरादे से फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट डाल रहे हैं। इनमें ₹ऋषि शर्मा बरसार₹ और ₹कुटलैहड़ हलचल₹ नामक आईडी से की गई पोस्ट के स्क्रीनशॉट भी शिकायत के साथ संलग्न किए गए हैं। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने आरोप लगाया कि इन पोस्ट में इस्तेमाल की गई भाषा न केवल अपने सामान्य अर्थ में मानहानिकारक है, बल्कि इसके निहितार्थ भी अशोभनीय, अभद्र और समाज में अशांति फैलाने वाले हैं।

### मोबाइल का चार्जर लगाते समय करंट लगने से किशोर की मौत

**जौनपुर :** जलालपुर क्षेत्र के रासीपुर गांव में शनिवार की देर शाम को करंट की चपेट में आकर एक 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गयी।घटना से परिवार में कोहराम मच गया।मृतक 12 वीं का छात्र था।ऊक्त गांव निवासी धर्मेंद्र यादव का पुत्र हर्षित यादव मोबाइल का चार्जर लगा रहा था।उसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया।कुछ देर बाद परिजनों की नजर उस पर पड़ी।परिजन उसे शहर के एक निजी चिकित्सालय ले गए।वहां पर चिकित्सक ने हर्षित को मृत घोषित कर दिया।उसे वापस घर लाया गया।उसका अंतिम संस्कार राजेपुर रामेश्वर घाट पर कर दिया गया।हर्षित दो भाइयों में बड़ा था।घटना के बाद माँ अनिता देवी व परिवार के अन्य सदस्यों का रोकर हाल बेहाल है।भारी संख्या में आसपास के लोग पहुंच गए।घटना के संबंध में जानकारी लेने पर थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने बताया कि इस घटना के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

न्यूज IN ब्रीफ

## ब्लड बैंक को मिल गया बड़ा हॉल, लाइसेंस की बाधा हुई दूर

**जमशेदपुर :** एमजीएम हॉस्पिटल के ब्लड बैंक को 500 वर्ग फीट का बड़ा हॉल मिल गया और ऐसे में ब्लड बैंक को शिफ्ट करने की बाधा दूर हो गई। पहले भी इस ब्लड बैंक को एक बड़ा हॉल मिला था लेकिन वह निर्धारित मापदंड को पूरा नहीं कर रहा था। जिसके कारण ब्लड बैंक को लाइसेंस मिलने में परेशानी हो रही थी। ऐसे में चौथी मंजिल पर ही एक बड़े हॉल को खाली कराया गया जिसमें आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का कार्यालय चल रहा था। इस बड़े हॉल के मिलने के बाद से लाइसेंस मिलने में आ रही समस्या दूर हो गई और जल्द ही इस हॉल में ब्लड बैंक का सारा काम शुरू हो जाएगा।

## बारिश से मिली राहत तो कड़ी धूप ने बढाई उमस

**जमशेदपुर :** दो दिनों से बारिश से राहत मिली है। शनिवार को तेज धूप तो थी ही बीच-बीच में बादल छा जा रहे थे। भारतीय मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने अनुमान जाता है कि अगले एक-दो दिनों में कोल्हान क्षेत्र में हल्की बारिश होगी लेकिन झारखंड के उत्तरी जिलों में तेज बारिश हो सकती है। अगले दो-तीन दिनों में अधिकतम तापमान में हल्की सी वृद्धि हो सकती है।

## तुलसी भवन में देशभक्ति गीत व नृत्य प्रतियोगिता

**जमशेदपुर :** सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन, तुलसी भवन की ओर से शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति समूह गीत एवं नृत्य प्रतियोगिता हुई। इसमें 23 विद्यालयों से 246 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी प्रस्तुतियां उच्चस्तरीय रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवा भारती जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष राज कुमार सिंह, संस्थान के न्यासी अरुण तिवारी, उपाध्यक्ष रामनंदन प्रसाद, महासचिव डॉ। प्रसेनजित तिवारी, कोषाध्यक्ष विमल जालान और प्रसन्न वदन मेहता द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। निर्णायक मंडल में नूपुर गोस्वामी, राजेन्द्र साह राज और नीलाम्बर चौधरी शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ। रागिनी भूषण, डॉ। यमुना तिवारी व्यथित, डॉ। अजय कुमार ओझा, अरुणा भूषण शास्त्री, दिव्येन्दु त्रिपाठी, अजय कुमार प्रजापति, पूनम महानंद, कैलाश नाथ शर्मा गाजीपुरी, नीलिमा पाण्डेय, पूनम सहाय, नीता सागर चौधरी, पूनम सिंह, नीलम पेडीवाल, डॉ। राकेश पाण्डेय, अरुणा झा, सुजय कुमार, विनोद बेगाना और हरभजन सिंह रहबर का योगदान रहा।

## घोड़ाबांधा में रामदास सोरेन की पत्नी से मिले झामुमो प्रवक्ता

**जमशेदपुर :** झामुमो प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने शनिवार को घोड़ाबांधा स्थित आवास पर रामदास सोरेन की पत्नी सुरजमुनी सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने मंत्री के स्वास्थ्य को लेकर जानकारी ली और परिवार को भरोसा दिलाया कि इस चुनौतीपूर्ण समय में पूरी पार्टी उनके साथ खड़ी है। कुणाल ने कहा कि प्रभु जगन्नाथ रामदास सोरेन को जल्द स्वस्थ करेंगे।

## युवा कांग्रेस ने साकची चंडीनगर में किया खाद्य सामग्री का वितरण

**जमशेदपुर :** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के राकेश साहू के नेतृत्व में विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक युवा संगठन भारतीय युवा कांग्रेस का 65वां स्थापना दिवस पर साकची चंडीनगर में बच्चों के बीच चावल मुड़ी मिक्सर व बिस्कुट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप प्रदेश महासचिव राकेश साहू ने कहा कि युवा कांग्रेस देश की युवाओं के हित की बात करती है। उनकी समस्याओं को लेकर सड़क से लेकर सदन तक आवाज बुलंद करने का काम करती है। वहीं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता का आंदोलन का इतिहास रहा है। आज ही के दिन विश्व आदिवासी दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। हम सभी बिरसा मुंडा को भी नमन करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से महिला पूर्व प्रदेश सचिव मंजू दास, युवा कांग्रेस जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा प्रत्याशी सागर साहू, सुमित कुमार, अमित साहू, वेदांत साहू शामिल हुए।

## बोड़ाम में हर घर व मुहल्ले में निकलेगी तिरंगा यात्रा : भाजपा

**जमशेदपुर :** भाजपा के बोड़ाम मंडलाध्यक्ष शांतनु मुखर्जी की अध्यक्षता में शनिवार को घर-घर तिरंगा अभियान की सफलता के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ जटाशंकर पांडेय शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर मोहल्ले में तिरंगा यात्रा आयोजित करनी हैं। इस अवसर पर नालावर महतो, सनातन दास, विरंची महतो, तरणी महतो, संतोष सिंह, लाल मोहन सिंह, माखन लाल सिंह, राज कुमार महतो, सनातन सिंह, विश्वनाथ सिंह, मेथर कर्मकार, सनातन दास समेत काफी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चौकीदारी बहाली मामले में दर्ज प्राथमिकी में अनुसंधान शुरू

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में चौकीदारी बहाली मामले में जिला प्रशासन की ओर से करीब तीन महीने पूर्व 10 लोगों के खिलाफ कराई गई प्राथमिकी में अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। शहर थाना प्रभारी जाति ज्योति लाल रजवार ने बताया कि हालांकि अब तक के अनुसंधान में कोई खास सफलता नहीं मिल पाई है। दौड़ में कई लोगों को मदद पहुंचाने की बात वीडियो में सामने आई थी, इसके तह में जाने का प्रयास किया जा रहा है। पलामू जिले में चौकीदारी से संबंधित 155 चौकीदारों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। शारीरिक दक्षता का आकलन के बाद 138 अभ्यर्थियों को चुना गया था।

जिला प्रशासन को शिकायत मिली थी कि नियुक्ति के पहले जो दौड़ आयोजित की गयी थी उसमें गड़बड़ी हुई है। इसके बाद जिला प्रशासन ने दोबारा दौड़ का आयोजन किया था। जांच में पाया गया था कि उसमें कई लोग दूसरे अभ्यर्थी के बदले दौड़ में भाग लिए थे। जांच के दौरान वीडियो रिकॉर्डिंग में पाया गया था कि कई लोगों को दौड़ में मदद भी की गई थी इसके बाद जिला प्रशासन 10 लोगों के खिलाफ इस मामले में प्राथमिकी करने का निर्णय लिया था।

## छात्रों की मांग अनुरूप नई पुस्तकें खरीददारी करने का निर्णय

**मेदिनीनगर :** शहर के साहित्य समाज स्थित मास्टर सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं की मांग के अनुरूप प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित नई पुस्तकों की खरीददारी करने का निर्णय लिया गया। उप विकास आयुक्त सह पुस्तकालय के नोडल पदाधिकारी मो। जावेद हुसैन की अध्यक्षता में बैठक कर कार्य-योजना बनाई गई। मास्टर सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय समिति की बैठक में पुस्तकालय में फॉल्स सिलिंग, पेंट आदि कराने के लिए भवन निर्माण विभाग को लिखने का भी निर्णय लिया गया।

# गुमला सदर अस्पताल में बेड नहीं, स्टेचर, कुर्सी और जमीन में लेटाकर मरीजों का किया जा रहा है इलाज

संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय में एक मात्र सदर अस्पताल गुमला में मरीजों से बेड फूल,स्ट्रेचर, कुर्सी, और जमीन में लेटाकर मरीजों का इलाज किया जा रहा हैं , जिसका मुख्य कारण हैं, जिला प्रशासन की गुमला उपयुक्त प्ररणा दीक्षित व्दारा सदर अस्पताल गुमला में सभी अकार प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराते हुए, समय, समय पर विभिन्न प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा समय समय पर औचक निरिक्षण कराने ,गुमला सदर अस्पताल के डाँक्टरो, स्वास्थ्य कर्मियों की समय सारणी, रोगियों को दिये जा रहे, नाश्ता, भोजन, रसोई घर का और सदर अस्पताल गुमला परिसर की साफसफाई और सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरा से लैस करने के बाद, एकाएक लोगों में विश्वास ऐसी जगी की छत्तीसगढ़, उड़ीसा, बॉर्डर क्षेत्र , सिमडेगा क्षेत्र सहित समस्त गुमला जिला के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के रोगी अपने अपने इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में पहूँचकर अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे , ब्लड चढ़ाने और अन्य विभिन्न आकार प्रकार के रोगों के लिए गुमला सदर अस्पताल में इलाज कराने के उद्देश्य से



रोगियों के आने का तांता लगा हुआ हैं, सौः शैय्या वाले सदर अस्पताल गुमला में अब क्षमता से अधिक रोगियों का इलाज किया जा रहा हैं, जिसका पुरा श्रेय गुमला के उपायुक्त प्रेरणा दिक्षित को जाता हैं, इस में कोई किन्तु परन्तु नहीं हैं, गुमला सदर अस्पताल में नव नियुक्त डॉक्टरों द्वारा विभिन्न आकार प्रकार के बहाने बनाकर, बरसों से फरारी काट रहे हैं, जिसके कारण डॉक्टरों की कमी महसूस की जा रही है, और सदर अस्पताल गुमला 2 ( टू ) बनाने की मांग जोर पकड़ रही है, फिलहाल गुमला जिला सदर अस्पताल में स्टेचर, कुर्सी और तो और जमीन में भी रोगियों का इलाज किया जा रहा है, समय समय पर कुछ तथाकथित डॉक्टरों और एम्बुलेंस चालकों द्वारा निजी अस्पतालो में भेजनें और अन्य अनेक आरोपों के कारण गुमला जिला सदर अस्पताल को बदनामी का दाग भी लग चुका हैं जिसके बाद समय समय पर गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित व्दारा स्वंय और विभिन्न प्रशासनिक पदाधिकारी द्वारा गुमला सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण कराया जा रहा है फलस्वरूप सदर अस्पताल की दशा और दिशा दोनों बदल गई, गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित व्दारा गुमला सदर अस्पताल टू बनाने का अथक प्रयास किया जा रहा हैं, ताकि आदिवासी बहुल जिला गुमला में सभी आम नागरिकों को समुचित इलाज मुहैया कराया जा सकें और गुमला सदर अस्पताल टू बनें तो उक्त गुमला सदर अस्पताल टू सभी संसाधन से लैस हो जहाँ सडक दुर्घटनाग्रस्त रोगियों एवं अन्य रोगों से ग्रस्त रोगियों को राँची रिम्स रेफर नहीं किया जा सकें, ऐसी सोच के तहत गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित कार्य कर रही हैं, ऐसा भी बताया जा रहा हैं की गुमला सदर अस्पताल के समक्ष स्थित पुराना गुमला समाहरणालय भवन जो अब खराब घोषित किया जा चूका हैं उसी स्थान पर गुमला सदर अस्पताल ₹ टू ₹ बनाने की योजना हैं।

# रेमकी कर्मियों की हड़ताल से शहर में सफाई ठप

संवाददाता

**धनबाद/झरिया/सिंदरी :** नगर निगम की सफाई एजेंसी रेमकी में काम करनेवाले ड्राइवर और सफाई कर्मियों ने हड़ताल कर दी है। कर्मचारियों का आरोप है कि जुलाई महीने के वेतन में बिना बताए कटौती कर दी गई है। इसके खिलाफ ही कंपनी के कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। शनिवार को रक्षाबंधन के दिन भी शहर में घर से कचरा उठाव का काम बंद रहा। बैंक मोड़, पुराना बाजार, धनसार समेत शहर के कुछ इलाके में डॉट टू डोर कचरा की गाड़ी नहीं निकली। हालांकि सुबह निकलने वाली सफाई गाड़ी धैया, सरायढेला, भूली समेत कुछ इलाकों में कचरा उठाने के लिए निकली लेकिन जैसे ही हड़ताल की खबर फैली कई गाड़ियां बीच से ही वापस बस स्टैंड लौट गईं। झरिया और सिंदरी अंचल में भी रेमकी के कर्मी हड़ताल पर रहे। झरिया में मजदूरों ने शनिवार को प्रदर्शन कर वेतन में त्रुटि को दूर करने की मांग की। सचिव हुजैफा अंसारी ने बताया कि मजदूरों का वेतन काट दिया जा रहा है। पहले एचआर ठीक थे। वे सही वेतन तैयार करते थे। उनको हटा दिया गया। ड्राइवर और मजदूरों की जो एक्सेलशीट तैयार होती है, उसमें हमेशा गड़बड़ी हो रही है। हर माह 15 सौ से 3 हजार रुपये कम दिया जा रहा है। जानकारी देने के बाद भी प्रबंधन ठीक नहीं कर रहा है। वार्ड संख्या 1 से 55 तक का कचरा उठाव ठप हो गया है। जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं की जाएगी, हड़ताल जारी रहेगी। करीब 450 सफाई मजदूर, 25 सुपरवाइजर व चालक सहित करीब 500 लोग हड़ताल पर हैं। हड़ताल की सूचना झरिया विधायक रागिनी सिंह को भी दी गई है। झरिया में प्रदर्शन करनेवालों में अजीत, अजूबा कुमार, लक्ष्मण कुमार, दशरथ महतो अध्यक्ष, विनोद चौहान, रोहित पासवान, पवन मंडल, शंकर हरि, भोला, सूरज, संजय पासवान आदि थे। सिंदरी में वाहन चालक विजय हाड़ी ने बताया कि विगत कुछ महीनों से रेमकी कंपनी हमसे 8 घंटे की बजाय 12 घंटे काम ले री है। 26 दिन के हाजिरी में किसी को 20 तो किसी को 22 दिन पेमेंट दिया जा रहा है। सिंदरी अंचल में कुल 40 कर्मी हैं। मौके जनता श्रमिक संघ के अमर सिंह, बसंत कुमार सिंह आदि थे।

## श्रुति वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्यों ने मन्ना डे को दी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर :** श्रुति वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा शनिवार को माइकल जॉन ऑडिटोरियम में मन्ना डे को श्रद्धांजलि देने के लिए एक संगीत संध्या का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीलेदर्स के मालिक शेखर डे ने किया. कार्यक्रम में शामिल अंजन रॉय और उनके स्कूल के बच्चों ने मन्ना डे के गाने को गाकर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया. अंजन रॉय द्वारा श्रुति वेलफेयर ट्रस्ट की स्थापना की. इसमें बच्चों को संगीत सिखाया जाता है. इस दौरान प्रोजिता दास, नीलांजना सरकार, आयुष मित्रा, तानिया रॉय, कार्तिक कर्मकार, स्वरूप मोइत्रा, सुदीप्तो कुमार बनर्जी, मुकुल रॉय, स्वप्न सरकार, अशोक दास, कौशिक दास सहित अन्य कलाकारों ने मन्ना डे के एक से बढ़कर एक गाना गाया. इस दौरान संस्था सौम्या सरकार सहित कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे.

## महुदा में डिवाइडर से टकरा कर स्कॉर्पियो पलटी, महिला की मौत

**महुदा (धनबाद) :** धनबाद-बोकारो फोरलेन मार्ग पर शनिवार की दोपहर लगभग डेढ़ बजे महुदा मोड़ के समीप डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। शनिवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे हुई दुर्घटना में स्कॉर्पियो सवार गौरी देवी की मौत हो गई, जबकि दो महिलाओं, एक बच्चा और तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हैं। मृत महिला और घायल सभी बिहार के नवादा जिले स्थित सोना पट्टी के हैं। सभी लोग देवघर स्थित बाबाधाम में पूजा कर स्कॉर्पियो से रामगढ़ के रजरप्पा मंदिर पूजा करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान धनबाद-बोकारो फोरलेन सड़क पर डिवाइडर से टकरा कर स्कॉर्पियो पलट गई। हादसे के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए बोकारो जनरल अस्पलाल भेजा गया। घटना के संबंध में महुदा थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद ने बताया कि बिहार के नवादा जिले से एक ही परिवार के छह लोग तीर्थ करने के लिए देवघर गए थे। वहां पूजा पाठ करने के बाद वे लोग राजरप्पा जा रहे थे। महुदा मोड़ के समीप स्कार्पियों तेज रफ्तार होने के कारण अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और कई बार पलटते हुए सड़क की दूसरी तरफ जाकर रुक गयी। घटना के बाद आसपास के लोग वहां पहुंचे और सभी को बाहर निकाला। सभी लोग खून से लथपथ थे। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना महुदा पुलिस को दी। सूचना पाकर महुदा पुलिस घटनास्थल पहुंची तथा एंबुलेंस बुलाकर चार लोगों को बोकारो जनरल अस्पताल भेजा। एक बच्चा युवी कुमार (8) एवं देव कुमार (18) को भुरूंगिया स्थित दामोदरम अस्पताल भेजा गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों को एंबुलेंस से बोकारो जनरल अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस स्कॉर्पियो को जब्त कर तेलमच्चो चेकपोस्ट ले गयी।

## धनबाद पहुंचे सचिव, सबलपुर वृद्धाश्रम की बुजुर्ग से बंधवाया राखी

संवाददाता

**धनबाद :** महिला बाल विकास व सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार शनिवार को धनबाद पहुंचे। उन्होंने चाइल्ड लाईन, वन स्टॉप सेंटर व सबलपुर स्थित वृद्धाश्रम, बालिका गृह का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। श्री कुमार ने वृद्धाश्रम की बुजुर्ग महिलाओं से राखी बंधवायी। बुजुर्गों का आधार कार्ड बनाने व वृद्धा पेंशन दिलवाने के लिए 11 अगस्त को कैंप लगाने का निर्देश आश्रम के संचालक नौशाद गद्दी को दिया। वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं को दी जानेवाली सुविधा व सहायता की जानकारी ली। सेंटर की कॉर्डिनेटर सह चाइल्ड लाइन की जिला बाल विकास संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी ने बताया कि सेंटर में स्वीकृत पद 11 हैं। बहाली सिर्फ तीन पदों पर ही की गयी है। स्टाफ की कमी के कारण सेंटर में सुचारू रूप से कार्य करने में परेशानी हो रही है। उन्होंने जल्द ही इसका निराकरण करने का आश्वासन दिया। चाइल्ड लाइन में किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। ऑन लाइन व ऑफ लाइन किये जा रहे केस व उसके निष्पादन की जांच की। बालिका गृह भी गये। वहां रहनेवाली बालिकाओं से मिले। मौके पर सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक नियाज अहमद, जिला बाल संरक्षक पदाधिकारी साधना कुमारी, विशंभर कुमार पोद्दार, सीडीपीओ संचिता भगत, विमला कुमारी, आनंद कुमा, मधुरेंद्र सिंह, प्रशांत वर्मा व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# आदिवासी को कुछ मिला नहीं सिर्फ खोया है : चंपई सोरेन

संवाददाता

**जामताड़ा :** 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जामताड़ा में भी ऐसे कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। नाला में आदिवासी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पूर्व सीएम सह भाजपा विधायक चंपई सोरेन हेलिकॉप्टर से जामताड़ा पहुंचे। जहां उन्होंने विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासियों के लिए एक और आंदोलन की जरूरत बताया कहा कि आदिवासी को कुछ मिला नहीं खोया है।



जामताड़ा में विभिन्न आदिवासी समाज संगठन द्वारा विश्व आदिवासी दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जहां आदिवासी संगठन और समाज के लोग काफी संख्या में भाग लेते हैं। लेकिन इस बार कई जगह पर झामुमो सुप्रीमो दिवंगत शिबू सोरेन के निधन को लेकर आदिवासी संगठनों के द्वारा सादगी से विश्व दिवस मनाया गया। आदिवासी दिवस पर नाला में आदिवासी संगठन समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पूर्व सीएम चंपाई सोरेन हेलिकॉप्टर से जामताड़ा पहुंचे। जहां पार्टी कार्यकर्ता और संगठन के लोगों द्वारा उनका स्वागत किया गया।

जामताड़ा में बीजेपी विधायक चंपई सोरेन ने विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया (एळ्ठ ईँ१३)

'आदिवासी समाज ने खोया है पाया कुछ नहीं, इसके लिए आंदोलन की जरूरत'

विश्व आदिवासी के मौके पर पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड में आदिवासी समाज का एक लंबा इतिहास रहा है। झारखंड में तिलकामांझी से लेकर अब तक कई महापुरुषों द्वारा आंदोलन किए गए। उन्होंने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज कितना पाया खोया इसको लेकर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि अब तक आदिवासी समाज को कुछ मिला नहीं खोया है। इसके लिए एक और आंदोलन की जरूरत है।

विश्व आदिवासी दिवस जामताड़ा में काफी धूमधाम के साथ आदिवासी समाज संगठन द्वारा मनाया जाता है कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। लेकिन इस बाद ऐसे कार्यक्रमों में सादगी नजर आई।

# बीसीसीएल का दो दिवसीय एचआर कॉन्क्लेव संपन्न

संवाददाता

**धनबाद :** बीसीसीएल का दो दिवसीय एचआर कॉन्क्लेव स्पर्श-2025 शनिवार को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन सार्वजनिक क्षेत्र, कोयला उद्योग, शैक्षणिक संस्थानों और कॉर्पोरेट नेतृत्व से जुड़े एचआर विशेषज्ञों और शीर्ष प्रबंधन ने मिलकर टीमवर्क, उद्देश्य की स्पष्टता और नेतृत्व आधारित प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया। दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरूआत ह्यटीम वर्क झ्र क्रिएटिंग पैशनह्ण विषयक तकनीकी सत्र से हुई। जिसमें वक्ताओं ने बताया कि कैसे सहानुभूति, सहयोग और साझा नेतृत्व के माध्यम से कार्यस्थल पर जुनून और प्रतिबद्धता विकसित की जा सकती है। इसके बाद हुए अंतिम तकनीकी सत्र ह्यक्रिएटिंग परप्रोज- अचीविंग गोल्सह्ण में युवाओं और मिलेनियल पीढ़ी को केंद्र में रखते हुए स्मार्ट व ओकर जैसे आधुनिक लक्ष्य निर्धारण फ्रेमवर्क व करियर पाथिंग जैसी जीवनदर्शी विचारधाराओं पर संवाद हुआ। इस अवसर पर कोल इंडिया के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ विनय रंजन ने कहा कि आज के समय में एचआर केवल प्रक्रियाओं तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह संगठन की आत्मा बन गया है। खुश और प्रेरित कर्मचारी ही किसी संस्था की असली ताकत होते हैं। ईसीएल के सीएमडी सतीश झा ने कहा कि आज का कार्यस्थल केवल लक्ष्य प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तिगत और व्यावसायिक संतोष का स्थान बनना चाहिए। जब व्यक्ति का




उद्देश्य संगठन के विजन से जुड़ता है, तभी उत्कृष्टता संभव है। बीसीसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्ण रमैया ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि स्पर्श कॉन्क्लेव सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि विचारों, संवादों और एचआर की नयी सोच की दिशा में एक पहल है। कॉन्क्लेव में कोल इंडिया व उसकी अनुषंगी कंपनियों के शीर्ष अधिकारी केशव राव (एमसीएल), हर्ष नाथ मिश्रा (सीसीएल), डॉ। हेमंत शरद पांडे (डब्ल्यूसीएल), गुंजन कुमार सिन्हा (इसीएल) सहित प्रमुख एचआर विशेषज्ञों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक संस्थानों और उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधियों में डॉ कमाक्षी रमण (आइआइसीएम), शंकर नागाचारी (सीएमपीडीआइ), रेणुका वर्मा (एमएसटीसी), डॉ शारदा सिंह व सूरज छेत्री (एयरबस) आदि शामिल रहे।

**प्रतिभागियों में सहभागिता प्रमाणपत्र का वितरण :**

कार्यक्रम के अंत में छात्र प्रतिनिधियों के लिए आयोजित फीडबैक सत्र और क्विज में युवाओं ने इस अनुभव को मार्गदर्शक, प्रेरणादायक और करियर निर्माण में सहायक बताया। समापन सत्र में डॉ विनय रंजन ने प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र वितरित किया।